www.epaper.azadsipahi.in
माँ कात्यायनी
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
Happy Durga Puja
रांची | 28 सितंबर, 2025, रविवार, वर्ष 10, अंक 338, आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







## मां का मोहक रूप, पंडाल की भव्यता देखने को बेचैन रांची



**आजाद सिपाही संवाददाता**

- लुभा रहे मनमोहक पंडाल, उमड़ा दर्शनार्थियों का सैलाब

**रांची।** राजधानी में दुर्गोत्सव का रंग चटक हो गया है। लगभग प्रमुख पूजा पंडालों के पट खुल गये हैं। प्रसिद्ध मंदिर, स्मारको और शिक्षाप्रद संदेश देते एक से बढ़ कर एक कलाकृतियों के क्या कहने। ऐसा प्रतीत हो रहा मानो धरा पर स्वर्ग उतर आया हो। जिस ओर भी जाएं, उस ओर वातावरण में मनोहारी छटा बिखेरते पंडालों की खूबसूरती देखते ही बन रही है। कहीं बालाजी तो कहीं भूज के स्वामी नाथ मंदिर और वृंदावन के प्रेम मंदिर आदि का अलग ही आकर्षण है। शनिवार को दिनभर व्रत-उपवास और पूजा-पाठ कर श्रद्धालु मां की आराधना में रमे रहे। सांझ ढलते पूरा शहर रंग-बिरंगी विद्युत साज-सज्जा से जगमगा उठा। कर्णप्रिय भक्ति गीतों की स्वरलहरियो से वातावरण गुंजायमना हो गया। मौसम खराब रहने के बावजूद मां के दर्शन को आतुर भक्तों का सैलाब उमड़ा। सड़क से लेकर पंडालो तक देर रात तक मां भवानी के भक्तों का रेला सा लगा रहा। दर्शनार्थी आते मनमोहक पंडाल को अपलक निहारते और मां का दर्शन कर भक्ति मेले में खो से जाते। अब यह सिलसिला विजयदशमी तक नित्य चलेगा। दिनभर पूजा-पाठ कर भक्ति और सांझ ढलते दुर्गोत्सव की मस्ती चहुंओर छायी रहेगी।





### पीएम ने ओड़िशा में कई योजनाओं की शुरुआत की

## कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ओड़िशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई, तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वह अपना टैक्स लगाकर लूट में लगी है। कांग्रेस अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रही। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओड़िशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की भी शुरुआत की। इस मौके पर एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। यह ट्रेन ओड़िशा को गुजरात से जोड़ेगी। मोदी ने झारसुगुड़ा में रोड शो भी किया।



**कांग्रेस के लूट तंत्र से देश को बाहर निकाला:** मोदी ने कहा कि हमने देश को कांग्रेस के लूट तंत्र से बाहर निकाला। भाजपा सरकार में डबल बचत और डबल कमाई का दौर आया है। कांग्रेस सरकार में दो लाख की कमाई तक इनकम टैक्स देना पड़ता था। ये 2014 तक चला। जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया, तब हमने 12 लाख की सालाना कमाई टैक्स फ्री की। 22 सितंबर से देश में ओड़िशा में जीएसटी के नये रिफॉर्म लागू हुए। इन सुधारों में आप सभी को जीएसची बचत उत्सव का उपहार दिया है। माताओं के लिए रसोई चलाना और सस्ता हो गया है। जरूरत के दाम और कम हो गये।

### विकसित ओड़िशा का संकल्प है

प्रधानमंत्री ने कहा कि डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनाव में ओड़िशा के आप लोगों ने एक नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने का प्रण लिया था। ये संकल्प था विकसित ओड़िशा। आज हम देख रहे हैं कि ओड़िशा डबल इंजन की रफ्तार से बढ़ रहा है। आज फिर एक बार ओड़िशा के विकास के लिए देश के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ।

### भाजपा गरीबों को सशक्त बना रही

भाजपा सरकार गरीब की सेवा करने वाली गरीब को सशक्त करने वाली सरकार है। हमारा पूरा जोर गरीबों को दलितों को पिछड़ों को आदिवासियों को मूल सुविधाएं पहुंचाने पर है। आज इस कार्यक्रम में हम इसके साक्षी बन रहे हैं। मुझे अभी यहां अंत्योदय योजना लाभार्थियों को सर्टिफिकेट देने का मौका मिला। एक गरीब परिवार को पक्का घर मिलता है तो वर्तमान के साथ भावी पीढ़ियों का जीवन भी आसान हो जाता है।

### एशिया कप फाइनल मैच आज 41 साल बाद भारत-पाकिस्तान पहली बार आमने-सामने

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान 41 साल में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होने जा रहे हैं। ग्रुप और सुपर-4 स्टेज में टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया था। दोनों मैच दुबई में खेले गये, अब फाइनल भी दुबई में ही रविवार को होगा। फॉर्म के लिहाज से टीम इंडिया इस समय पाकिस्तान से काफी आगे नजर आ रही है। हालांकि, भारत से दो मैच हारने के बावजूद पाकिस्तान ने अच्छी वापसी की। उसने बांग्लादेश और श्रीलंका को हराकर फाइनल में पहुंचा है।

### जेसोवा ने मुख्यमंत्री को दिवाली मेला के लिए किया आमंत्रित

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को उनके आवासीय कार्यालय में झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने इस अवसर पर जेसोवा की ओर से रांची के मोरहाबादी मैदान में 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर - 2025 तक आयोजित होनेवाले पांच दिवसीय दिवाली मेला में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जेसोवा की सचिव मनु झा, कोषाध्यक्ष शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी और ऋचा वर्णवाल शामिल थीं।






### अधिक भुगतान पर सवाल, जवाबदेही किसकी

## तेलोटाड़ अंडरपास में 1.61 करोड़ की अनियमितता: यह चुप्पी क्यों?

- कागजी रिपोर्ट बोल रही काम 'पूर्ण', जमीनी हकीकत 'भ्रष्टाचार'

**सुनील भंडारी/समिद खान**

**महुदा/तेलोटाड़ (आजाद सिपाही)।** आद्रा रेल मंडल के तहत खानुडीह-महुदा रेल लाइन के तेलोटाड़ के पास बने अंडरपास और उससे जुड़ी सड़क निर्माण परियोजना में सामने आये तथ्यों ने एक चौंकाने वाला सच उजागर किया है। स्थानीय आरटीआइ कार्यकर्ता महेश कुमार ने 27 अगस्त 2025 को सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआइ) के तहत रेल विभाग से कुल 17 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। विभाग की ओर से महेश कुमार को प्राप्त जवाब एवं दस्तावेजों के मुताबिक, इस परियोजना के लिए जहां 5.93 करोड़ रुपये की स्वीकृति थी, वहां अब तक 7.55 करोड़ रुपये का भुगतान ठेकेदार को किया जा चुका है। यानी 1.61 करोड़ रुपये का अधिक भुगतान। यह आंकड़ा कोई मामूली त्रुटि नहीं है। महेश ने इसे एक सुनियोजित घोटाला कहा है। मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया है कि इस पूरी परियोजना में सरकारी धन की खुली लूट हुई है। विभागीय चुप्पी ने और भी संदिग्ध बना दिया है।



**कागजों में काम पूरा दिखा रहा:** जांच की मांग करने पर विभाग का सीधा जवाब है कि 'कार्य पूर्ण हो चुका है।' स्थानीय लोगों की मानें तो न तो सड़क की गुणवत्ता संतोषजनक है, न अंडरपास की स्थिति।

**विभाग ने कई बातों पर चुप्पी साधी:** महेश बताते हैं कि विभाग कई सवालों पर चुप्पी साध रखी है। जैसे, भुगतान की स्वीकृति किसने दी? गुणवत्ता की जांच किसने की? तकनीकी निरीक्षण क्यों नहीं हुआ? मजदूरों के भुगतान और निर्माण प्रक्रिया की पारदर्शिता बरती गयी है या नहीं?



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बिहार में एनडीए ने दिया 'ट्रिपल एम' का फार्मूला

## ■ महिला, मोदी और मंदिर के मुद्दे पर खुलेगा भाजपा की जीत का द्वार

## ■ महिलाओं पर केंद्रित इस 'मंत्र' से ही निकलता है जीत का रास्ता

## ■ बिहार से पहले के चुनावों में भी महिलाओं ने ही पलटी है पूरी बाजी

**आजाद सिपाही विशेष**

महिलाएं जिस पार्टी के पक्ष में एकजुट हो जायें, चुनाव में उसकी जीत को भला कौन रोक सकता है। यह चुनावी विजय की कामना एक ऐसा 'मंत्र' है, जिसका जाप देश भर में चल रहा है। पिछले कुछ चुनावों पर नजर डालें, तो भाजपा ने सबसे पहले महिलाओं पर केंद्रित ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे उसे चुनावों में अपार सफलता मिली। इसके बाद अन्य दलों ने भी इसी 'मंत्र' का अनुसरण करते हुए चुनावों में जीत हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बिहार में शुक्रवार 26 सितंबर को 75 लाख महिलाओं को प्रदेश सरकार की एक योजना के तहत 10-10 हजार रुपये की वित्तीय सहायता का हस्तांतरण किया गया। यह भाजपा सहित अन्य दलों की ओर से विभिन्न राज्यों में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त हासिल करने के लिए अपनायी गयी एक सफल रणनीति का हिस्सा है। बिहार में महिलाओं को आकर्षित करने के लिए एनडीए जो तरीका इस्तेमल कर रहा है, वह पहले कई अन्य राज्यों में भी इस्तेमाल किया गया है और इसने चुनावों में सफलता भी दिलायी है। कर्नाटक में महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता का भुगतान कांग्रेस की उन पांच गारंटी में शामिल था, जिनकी बदौलत पार्टी को 2023 में भाजपा को राज्य में सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने और अपनी सरकार बनाने में मदद मिली। झारखंड में इसी तरह की योजना ने 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा को राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखने में अहम भूमिका निभायी। हालांकि अन्य दलों के मुकाबले कल्याणकारी योजनाओं से राजनीतिक फायदा लेने में भाजपा अधिक माहिर साबित हुई है। पार्टी के सटीक लक्ष्य निर्धारण, प्रभावी संचार तथा मजबूत संगठन के कारण यह सफल होती है। बिहार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना कुछ अन्य राज्यों में लागू नकद हस्तांतरण योजनाओं से अलग है, क्योंकि इसका उद्देश्य महिलाओं के बीच रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है, लेकिन गरीब महिलाओं के प्रत्यक्ष वित्तीय सशक्तिकरण के लक्ष्य के चलते इसका सार समान है। महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण योजना को सभी राजनीतिक दलों ने अपनाया है, जो चुनाव मैदान में इसके प्रभाव को दर्शाता है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी योजनाओं के अधिक प्रचलित होने के बाद संपन्न विधानसभा चुनावों के नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है कि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की चुनावी सफलता में महिलाओं को वित्तीय मदद की पेशकश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिहार में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इस योजना की शुरुआत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि राज्य में महिला मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। क्या है चुनावी जीत में महिलाओं की भूमिका और बिहार में क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
**संपादक**

बिहार विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की अहमियत हर राजनीतिक दल को समझ आ रही है। एनडीए हो या इंडिया गठबंधन, दोनों महिलाओं को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। आंकड़े बताते हैं कि बिहार में महिला वोटर जिसे ज्यादा वोट करती हैं, सरकार उसी की बनती है। यही कारण है कि राजनीतिक मंचों पर जगह बनाने के लिए जद्दोजहद करने वाली महिलाएं बिहार में राजनीतिक मंचों के केंद्र में हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव दरवाजे पर है और राजनीतिक दलों में महिलाओं को लेकर संवेदनशीलता बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर को बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिये, जो नीतीश कुमार सरकार की एक नयी योजना का हिस्सा है। पिछले एक साल में बिहार में महिलाओं के लिए चार योजनाएं शुरू की जा चुकी हैं, जिनका जबरदस्त राजनीतिक असर पड़ने की संभावना दिखाई दे रही है।

### अमित शाह का 'ट्रिपल एम' फार्मूला

बिहार चुनाव में महिला वोटरों के महत्व को इस बात से भी समझा जा सकता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बिहार प्रवास के दौरान पार्टी नेताओं को जो मंत्र दिया है, उसमें 'ट्रिपल एम' का फार्मूला सबसे अहम है। पटना में हुई बैठक में उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि आगामी चुनाव में भाजपा और एनडीए का लक्ष्य 225 सीटें जीतना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जनता से गहरा जुड़ाव बनाने और हर महिला तक पहुंचने की जिम्मेदारी निभाने को कहा गया। शाह ने पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए 'ट्रिपल एम', यानी महिला, मोदी और मंदिर का मंत्र दिया। उन्होंने कहा, महिला परिवार की धुरी होती हैं, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को हर महिला तक पहुंचना होगा और एनडीए सरकार की योजनाओं की जानकारी देनी होगी। शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि जाति, धर्म और विचारधारा से ऊपर उठकर केवल जनता से संवाद किया जाये और उन्हें विश्वास दिलाया जाए कि एनडीए ही विकास और स्थिरता की गारंटी है। अमित शाह ने नेताओं को निर्देश दिया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 225 बार जनसंपर्क अभियान चलाया जाये। उनका कहना था कि जीत केवल संगठन की मजबूती और जनता से प्रत्यक्ष संवाद से संभव है।

### बिहार की राजनीति के केंद्र में हैं महिलाएं

बिहार में महिलाएं पहले तो अपने पति को ही संपत्ति समझती थीं, लेकिन आज पति अपनी पत्नी को लखपति समझते हैं। पहले घर के पुरुष बाहर काम करते थे, अब उन्हें भी महिलाओं ने वापस बुला लिया है। अब दोनों मिल कर काम करते हैं। इससे साबित होता है कि बिहार की महिलाएं अब राजनीति के केंद्र में हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों हर दल महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए जी तोड़ कोशिश कर रहा है।



### क्यों महत्वपूर्ण हैं महिला मतदाता

बिहार में महिला मतदाता पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोट करती हैं। 2010 के चुनाव में 51.12% पुरुषों ने वोट किया था, तो 54.49 % महिलाएं वोट के लिए बाहर आयी थीं। 2015 के चुनाव में 53.32% पुरुष और 60.48% महिलाओं ने वोट किया था। पिछले विधानसभा चुनाव में 54.45 % पुरुषों के मुकाबले 59.69 % महिलाएं वोट के लिए बाहर निकली थीं, यानी पिछले तीन चुनावों में हर बार महिलाओं ने ज्यादा वोट किया है। आंकड़े यह बताने के लिए काफी हैं कि महिला मतदाता क्यों महत्वपूर्ण हैं।

### नीतीश ने महिला मतदाताओं को कैसे साधा

2005 में सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज में 50% आरक्षण दिया। स्कूल जाने वाली लड़कियों को साइकिल दी। बाद में 10वीं और 12वीं, ग्रेजुएशन पास करने पर प्रोत्साहन राशि का भी एलान किया। इन फैसलों ने महिलाओं को उनसे जोड़ा। शराबबंदी का फैसला भी महिलाओं की मांग पर किया, जबकि इससे राज्य को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। नीतीश कुमार के इन फैसलों के कारण महिला मतदाताओं ने उन्हें सबसे ज्यादा वोट किया। इसे पिछले चुनाव के परिणामों से भी समझा जा सकता है। पहले फेज में पुरुषों (56.8%) ने महिलाओं (54.4%) के मुकाबले 2.4% अधिक वोटिंग की। इस फेज में महागठबंधन ने 71 में से 47 सीटें जीत लीं। हालांकि दूसरे चरण में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले करीब छह फीसदी अधिक वोट डाले। तब 94 में से महागठबंधन 42 सीटें ही जीत पाया और एनडीए को ज्यादा सीटें मिलीं। तीसरे चरण में दोनों का अंतर 11% हो गया और महागठबंधन को बुरी हार मिली। तीसरे चरण की 78 सीटों में से एनडीए को 52 सीटें मिली यानी करीब दो तिहाई। आंकड़े बताते हैं कि महिला मतदाताओं ने जब-जब अधिक वोट किया है, एनडीए को जीत मिली है और कम वोट तो हार। इसलिए इस वर्ग को अपने साथ बनाये रखने के लिए इस बार सरकार ने 10 हजार रुपये भेजने समेत कई अन्य एलान किये हैं।

### नीतीश का वोट बैंक, महागठबंधन की नजर

महागठबंधन के दल जानते हैं कि महिला मतदाताओं को अपने पाले में लाये बगैर वे सत्ता में नहीं आ सकते हैं। इसलिए उन्होंने महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपये महीना देने का एलान किया है। इस तरह की योजनाएं महाराष्ट्र, झारखंड, मध्यप्रदेश तक में गेम चेंजर रही हैं। प्रियंका गांधी ने भूमिहीन परिवारों को तीन से पांच डिसमिल जमीन देने का एलान किया है। इस जमीन का मालिकाना हक महिलाओं के पास होगा। पार्टी इसे 10 हजार रुपये की काट मान रही है। प्रियंका गांधी ने बिहार में अपनी सभा में कहा, क्या वे हर महीने 10 हजार देंगे? चुनाव खत्म होने दीजिये, यह भी बंद हो जायेगा। आप समझदारी से हर पार्टी को पहचानो। हम हर महीने ढाई हजार देंगे। पार्टी को लगता है कि महिलाओं के लिए घोषणाएं महिला नेता करे, तो इससे महिलाएं ज्यादा जुड़ाव महसूस करेंगी। इसलिए इसका एलान प्रियंका गांधी से कराया गया।

### किधर जायेंगी बिहार की महिला मतदाता

बिहार की महिलाओं का कहना है कि एक बार 10 हजार रुपये मिलने से ज्यादा फायदा महीने-महीने ढाई हजार मिलने में है। कुछ महिलाएं इसलिए 10 हजार के मुकाबले 30 हजार सालाना को अधिक महत्व दे रही हैं। कांग्रेस भले ही सिर्फ एक बार 10 हजार रुपये बनाम 30 हजार सालाना का नैरेटिव बना रही हो, लेकिन महिलाओं के एक वर्ग को लंबे समय से नीतीश कुमार की योजनाओं का लाभ मिलता रहा है। इसलिए देखना दिलचस्प होगा कि नीतीश कुमार के इस वोट बैंक में महागठबंधन कितना सेंध लगा पाता है।

---

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 : झारखंड पवेलियन में लोगों को लुभा रहे हैं प्राकृतिक उत्पाद

**राग़ी का लड्डू, नमकीन, महुआ, बांस की करेल का अचार और मशरूम का अचार आकर्षण का केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहा वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 फूड और फूड प्रोसेसिंग के लिए देश का सबसे बड़ा एक्सपो होता है। इस एक्सपो में उद्योग विभाग, झारखंड सरकार द्वारा लगाये गये मंडप में झारखंड के खाद्य पदार्थों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री की जा रही है। झारखंड राज्य अपनी प्राकृतिक समृद्धि और आदिवासी सभ्यता के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां बहुतायत उत्पाद प्राकृतिक ही होते हैं। आदिवासी समुदाय बहुत सरल और परिश्रमी होते हैं। वर्तमान में बहुत सी संस्थाएं उनको जोड़ कर खुद के व्यापार के साथ उनका भी विकास कर रहे है।

**झारखंड के प्राकृतिक उत्पाद किसानों को बना रहे हैं सशक्त :** पवेलियन में रागी के लड्डू और अन्य खाने के उत्पाद की खूब बिक्री हो रही है। कई संस्थाएं रागी को करीब 26000 किसानों से लेकर रागी को प्रोसेसिंग करके झारखंड के विभिन्न हिस्सों में पहुंचा रही है। साथ ही देश के कोने कोने में ऑनलाइन के माध्यम से भी पहुंचा रही है। ऐसे ही मशरूम से बने अचार, जेली, चॉकलेट भी लोगो को लुभा रहे हैं। प्राकृतिक होने के कारण से कटहल, फुटहल, ओल, महुआ, बांस के करेल, इमली, संघान आदि के अचार आकर्षण का केंद्र बने हुए है। वर्तमान की जीवनशैली ने लोगों का ऑर्गेनिक उत्पादों पर जोर देने के कारण महुआ, रागी, जामुन का पावडर, सिरका आदि की बिक्री भी बड़ी मात्रा हो रही है।

दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे (वर्ल्ड फूड इंडिया 2025) में बनाये गये झारखंड पवेलियन में आज खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय भारत सरकार के सचिव, अभिनाश पुरुषोत्तम दास जोशी और संयुक्त सचिव, देवेश देवल ने अवलोकन किया और प्रदर्शित किये गये उत्पादों की सराहना की।

इस अवसर पर जियाडा के प्रबंध निदेशक एवं उद्योग विभाग झारखंड सरकार के निदेशक ने उन्हें पवेलियन के सभी उपादान से अवगत कराया।

---

## बीसीसीएल आउटसोर्सिंग के प्रोजेक्ट ऑफिसर को अपराधियों ने मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर हमला हुआ है। अधिकारी पर गोली चली है। जिले में बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर गोलीबारी की गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। घटना मुनीडीह पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर अंजाम दिया गया है। मुनीडीह पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर डीएवी मुनीडीह स्कूल रोड स्थित काली मंदिर के पास बाइक सवार अपराधियों ने बीसीसीएल द्वारा संचालित इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर गोली चलायी है। अधिकारी की जांघ में गोली लगी है, जिसके बाद उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### ड्राइवर ने बताया घटनाक्रम

प्रोजेक्ट ऑफिसर के ड्राइवर ने बताया कि वे मुनीडीह पुलिस स्टेशन क्षेत्र स्थित काली मंदिर से निकले थे। प्रोजेक्ट ऑफिसर गोपाल रेड्डी कार में सवार होकर कुछ ही दूर आगे बढ़े थे कि अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली उनकी कार के अगले हिस्से में लगी, जबकि दूसरी पिछले दरवाजे को भेदती हुई गोपाल रेड्डी की जांघ में लगी। अपराधी मोटरसाइकिल पर था, लेकिन उसने उसे थोड़ी दूरी पर पार्क कर दिया था। वह पैदल आया और गोलीबारी शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद, अपराधी फरार हो गया। गोपाल रेड्डी को इलाज के लिए अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जांच जारी : डीएसपी

घटना के बाद डीएसपी नौशाद आलम घटनास्थल पर पहुंचे और अपराधी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस काली मंदिर के पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में वहां जमा हो गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 29.3 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.41 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.39 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 28 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# दुर्गोत्सव: प्यारा सजा है मां का दरबार, आस्था अपरंपार

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी में चहुंओर मां का प्यारा दरबार सज चुका है। एक से बढ़ कर एक भव्य दरबार में मां भवानी अन्य देवी-देवताओं संग आशीष बरसा रही हैं। आस्था अपरंपार है। शनिवार को मां के पांचवें स्वरूप की पूजा-आर्चना हुई। अराधना कर भक्त देर रात तक मां भवानी की भक्ति में रमे रहे। सांझ ढलते लगभग पूजा पंडालों के पट खुले, तो दुर्गोत्सव रंग और भी चटक हो गया। धरा का कोना-कोना रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगा उठा। विद्युत साज-सज्जा से आभा बिखते एक से बढ़ कर एक पंडाल की खूबसूरती के क्या कहने। भक्त आते और अपलक पंडाल और मां को निहारते। शिल्पकारी का बेजोड़ नमूना सबके मन को भा रहा है। बानगी ऐसी है कि सेल्फी और तस्वीर खींच कर यादगार पल को सहेजने की होड़ सी लगी है। मां का दर्शन पाकर, श्रद्धालु भक्ति के मेले में देर रात तक खोये रहे। रविवार को महापष्ठी है। बंग्ला मंडपों और पूजा पंडालों में आओ मां आओ... आह्वान से अकालबोधन और नवपत्रिका प्रवेश की संघोषणा होगी। आद्याशक्ति मां का दिव्य स्वरूप से धरा का कोना-कोना प्रकाशमान हो जायेगा। विजयदशमी तक मां के लाडले पूजनोत्सव का जम कर लुफ्त उठायेंगे।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,रोजी-रोजगार के क्षेत्र में उलझनों का निवारण, आर्थिक स्थिति में सुधार।

**वृष** जोखिम भरा काम नहीं करना चाहिए। स्वजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी, सामान्य आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन** परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, शारीरिक स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कर्क** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कन्या** निराशा का समापन, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## कात्यायनी



देवी माँ का छठा रूप का नाम है, देवी कात्यायनी है। हमारे सामने जो कुछ भी घटित होता है, जिसे हम प्रपंच का नाम देते हैं, जरूरी नहीं कि वह सब हमें दिखाई दे। वह जो अदृश्य है, जिसे हमारी इन्द्रियाँ अनुभव नहीं कर सकती वह हमारी कल्पना से बहुत परे और विशाल है। सूक्ष्म जगत जो अदृश्य, अव्यक्त है, उसकी सत्ता माँ कात्यायनी चलाती हैं। वह अपने इस रूप में उन सब की सूचक हैं, जो अदृश्य या समझ के परे है। माँ कात्यायनी दिव्यता के अति गुप्त रहस्यों की प्रतीक हैं। क्रोध किस प्रकार से सकारात्मक बल का प्रतीक है और कब यह नकारात्मक आसुरी शक्ति का प्रतीक बन जाता है? इन दोनों में तो बहुत गहरा भेद है। आप केवल ऐसा मत सोचिए कि क्रोध मात्र एक नकारात्मक गुण या शक्ति है। क्रोध का अपना महत्व, एक अपना स्थान है। सकारात्मकता के साथ किया हुआ क्रोध बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है, और वहीं नकारात्मकता से लिप्त क्रोध भावनाओं और स्वार्थ से भरा होता है। सकारात्मक क्रोध एक प्रौढ़ बुद्धि से उत्पन्न होता है। क्रोध अगर अज्ञान व अन्याय के प्रति है तो वह उचित है। अधिकतर जो कोई भी क्रोधित होता है वह सोचता है कि उसका क्रोध किसी अन्याय के प्रति है अतः वह उचित है! किंतु अगर आप गहराई में, सूक्ष्मता से देखेंगे तो अनुभव करेंगे कि ऐसा वास्तव में नहीं है। इन स्थितियों में क्रोध एक बंधन बन जाता है। अतः सकारात्मक क्रोध जो अज्ञान, अन्याय के प्रति है, वह माँ कात्यायनी का प्रतीक है। आपने बहुत सारी प्राकृतिक आपदाओं के बारे में सुना होगा। कुछ लोग इसे प्रकृति का प्रकोप भी कहते हैं। उदाहरणतः बहुत से स्थानों पर बड़े झ्र बड़े भूकम्प आ जाते हैं या तीव्र बाढ़ का सामना करना पड़ता है। यह सब घटनाएँ देवी कात्यायनी से संबंधित हैं। सभी प्राकृतिक विपदाओं का संबंध माँ के दिव्य कात्यायनी रूप से है। वह क्रोध के उस रूप का प्रतीक हैं जो सृष्टि में सृजनता, सत्य और धर्म की स्थापना करती हैं। माँ का दिव्य कात्यायनी रूप अव्यक्त के सूक्ष्म जगत में नकारात्मकता का विनाश कर धर्म की स्थापना करता है। ऐसा कहा जाता है कि ज्ञानी का क्रोध भी हितकर और उपयोगी होता है,जबकि अज्ञानी का प्रेम भी हानिप्रद हो सकता है। इस प्रकार माँ कात्यायनी क्रोध का वह रूप है, जो सब प्रकार की नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### माँ कात्यायनी की पूजा में कौन से मन्त्र का जप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कात्यायनायै नमःझ्र के जप से आप माँ दुर्गा के छठें स्वरूप माँ कात्यायनी का आवाहन कर सकते हैं ।*







बकरी बाजार दुर्गा पूजा समिति, रांची के भव्य पूजा पंडाल में मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु।

राजस्थान मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति, रांची के पूजा पंडाल में दर्शन करने को लगा है भक्तों का तांता।









राम लला दुर्गा पूजा समिति, रांची में मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु।

पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू रांची का पूजा पंडाल दर्शनार्थियों को कर रहा है आकर्षित।

( सभी तस्वीरें प्रदीप ठाकुर की)

## स्पेशल ब्रांच कर्मी के घर से 10 लाख के जेवरात और नकद ले गये चोर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के पॉस इलाका अड्डी बंगला रोड में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आयी है। महेश्वरी भवन के निकट रहने वाले एक स्पेशल ब्रांच के कर्मी के घर में शुक्रवार की मध्य रात्रि चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों ने घर से करीब 10 लाख के जेवरात व नकद चुरा ली। गृह स्वामी स्पेशल ब्रांच कर्मी राजीव सिंह की पत्नी के अनुसार चोर देर रात घर के पीछे रास्ते खिड़की से घर में घुसा। चोरों ने घर की पिछली खिड़की में लगे ग्रिल को बड़े इत्मीनाम से खोलकर कमरे में प्रवेश किया। बताते चले चोरों ने घटना को अंजाम देने के पूर्व घर की रेकी की होगी, क्योंकि जिस कमरे में गृह स्वामी सोते थे, बीती रात गृह स्वामी अपनी पत्नी के साथ दूसरे कमरे में सोए हुए थे। चोरों ने कमरे में प्रवेश करने के बाद कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। घर में घुसे चोरों ने बड़ी ही सफाई से अलमारी और बक्से की तलाशी ली। तलाशी के दौरान चोरों के हाथ करीब 10 लाख के गहने व 50 हजार नकद हाथ लगे। सामानों में गृह स्वामी की पत्नी ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी गये सामानों में तीन सोने की चेन, एक गले का हार, पायल तथा कान के आभूषण सहित 50 हजार नगद गायब हैं। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख के आसपास होगी। घटना की जानकारी गृह स्वामी स्पेशल ब्रांच कमी श्री सिंह को सुबह भनक लगी, जब वे पति पत्नी साथ में चाय पी रहे थे। घटना की सूचना गृह स्वामी स्पेशल ब्रांच कर्मी ने तत्काल इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी। सूचना पर तत्काल टेक्निकल सेल व पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गयी है। जांच के क्रम में टीम ने घर के आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। टेक्निकल सेल के द्वारा सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। लेकिन 4 घंटे की इस कार्रवाई में पुलिस के हाथ खाली मिले। बावजूद पुलिस चोरों की धर पकड़ के लिए हाथ पांव मारते नजर आए। उल्लेखनीय हो हाल के दिनों में जिले में दर्जन और चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। पुलिस इसमें कुछ हद तक कामयाब भी रहे। लेकिन चोरों ने इस बार पुलिस के घर में ही चोरी की वारदात को अंजाम देकर खुली चुनौती दे डाली। अब देखना है पुलिस इस चुनौती के किस रूप में लेती है।

## मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन





**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के गुरु चट्टी आवासीय कार्यालय बड़कागांव में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पारस हॉस्पिटल रांची के द्वारा जरूरतमंद नागरिकों का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विधायक रोशनलाल चौधरी के प्रयास से जनरल फिजिशियन, ऑर्थो डॉक्टर, कार्डियोलॉजिस्ट, गैस्ट्रो डॉक्टर और उनके सहयोगी नर्सेज अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर आयुष चौधरी उपस्थित होकर मरीजों का ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर जांच कर मरीज को सलाह देते हुए दवा प्रिसक्राइब करने का कार्य किया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने सभी डॉक्टर को शाल और बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा के तहत जरूरतमंद लोगों का इलाज किया गया। बताते चले कि इस सेवा पखवाड़ा में 500 के लगभग मरीज का नि:शुल्क इलाज किया गया। इलाज करने वाले डॉक्टर में मुख्य रूप से पारस हैक हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार, डॉ महेश कुशवाहा, डॉ विवेक कुमार डेविड, डॉ अनिकेत कुमार, डॉ प्रज्ञा शर्मा, डॉ रोहित और पारस एचइसी अस्पताल के मैनेजर आयुष चौधरी समेत कई डॉक्टर की टीम मौके पर मौजूद थी। सेवा शिविर में भारतीय जनता पार्टी के बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहु सोनी, बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू पार्टी केंदीय सदस्य संदीप कुशवाहा, विधानसभा सांसद मिडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, रामेश्वर चौरसिया, अनुज यादव, राजेश यादव, बाल गोबिंद सोनी, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, घनश्याम कुमार, त्रिवेणी महतो, यदु प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित होकर मरीजों का सहयोग किया।

## प्रशासन ने क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा सफल बनाने को लेकर बरकट्ठा पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। एसडीएम जोहन टुड्डू और एसडीपीओ अजित कुमार विमल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार, पुलिस निरीक्षक मो इमदाद अंसारी, थानाप्रभारी बरकट्ठा पंकज सिंदुरिया समेत पुलिस जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च ग्राम झुरझुरी, तरबेचवा, घंघरी, पचफेडी, गैड़ा, बसरामो, खैरा, चांदगढ़, बेडोकला, बरकट्ठा समेत दर्जनों गांवों में निकाली गयी। इस दौरान प्रशासन ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूजा समितियों के पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये गये ताकि पर्व के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनी रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी समितियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाये जायें। आग लगने जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन की पूरी व्यवस्था रखने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं, महिला और पुरुषों के लिए अलग अलग प्रवेश और निकासी द्वार बनाने को कहा गया। एसडीओ व एसडीपीओ ने समिति के पदाधिकारियों से कहा कि भीड़ नियंत्रण के लिए अधिक से अधिक वॉलिंटियर्स की तैनाती की जाये। जोहन टुडू ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े पर्व पर प्रशासन का लक्ष्य शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखना है।

## स्व टेकलाल महतो की पुण्यतिथि मनी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू के पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो की 14 वी पुण्यतिथि मनायी गयी। ईस अवसर पर उनके पैतृक गांव चानो, बीएड कॉलेज बनासो और इंटर कॉलेज विष्णुगढ़ में टेकलाल महतो के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल ने उनके द्वारा किये गये विकास कार्यो के बाबत कहा कि हमेशा उन्होंने शिक्षा पर ध्यान दिया कि लोग पढ़ लिखकर आगे बढ़े लिहाज टेकलाल महतो ने विष्णुगढ़ इंटर कालेज, बीएड कालेज समेत विधानसभा क्षेत्र में कई शिक्षण संस्थानों का निर्माण किया। साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त महाजनी प्रथा, बाल विवाह, विवाहिता को छोड़ने आदि मुद्दों पर आंदोलन चलाया।चार बार मांडू से विधायक एक बार गिरिडीह के सांसद रहे। इनके योगदानों को कभी भुला नहीं जा सकता है। मौक पर पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल, ललिता देवी, सरस्वती देवी, गुरु प्रसाद साव, हिरामन महतो, उत्तम कुमार महतो, चेतलाल महतो, महादेव मंडल, हरि यादव, बासुदेव महतो, त्रिवेणी प्रसाद, बोधलाल महतो, महेंद्र कुमार, तारकेश्वर महतो, शेख कल्लू, दिनेश मंडल, दशमी देवी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

# मटवारी में बन रहा थल सेना भवन की तर्ज पर भव्य पंडाल

**ऑपरेशन सिंदूर का भी होगा प्रदर्शन**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के मटवारी गांधी मैदान में इस बार दुर्गा पूजा का आयोजन बेहद खास होने वाला है। शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति की ओर से तैयार किये जा रहे इस भव्य पंडाल की थीम दिल्ली स्थित थल सेना भवन पर आधारित है। पंडाल का निर्माण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लगभग 80 फीट ऊंचे पंडाल में 15 लाख से अधिक खर्च आने वाला है। इस बार का दुर्गा पूजा आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें सांस्कृतिक और मनोरंजन का रंग भी जुड़ जायेगा। पंडाल को देखने अभी से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। इस आयोजन को लेकर पूरे मटवारी इलाके में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थल सेना भवन जैसा भव्य पंडाल हजारीबाग की पहचान को और खास बनायेगा। समिति को विश्वास है कि इस वर्ष हजारीबाग आने वाले लोग पूजा और मेले का अनुभव जीवनभर याद रखेंगे। इसमें आधुनिक तकनीक और विशेष लाइटिंग का प्रयोग किया जा रहा है। पंडाल में ऑपरेशन सिंदूर का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होगा। इस प्रदर्शन में भारत-पाक युद्ध के दौरान प्रयोग किये गये मिसाइल, हथियार और विस्फोटकों को दिखाया जायेगा। पंडाल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चला है। जल्द ही श्रद्धालुओं के लिए पंडाल दर्शन और पूजा के लिए खोल दिया जायेगा। यह पंडाल न केवल पूजा का केंद्र बनेगा, बल्कि अपनी थीम की वजह से चर्चा का विषय भी रहेगा। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि दूर-दराज से भी लोग इस पंडाल को देखने हजारीबाग आयेंगे। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को भी जागृत करेगा।

# दुर्गापूजा पर प्रशासन अलर्ट: श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बदली यातायात व्यवस्था

**विभिन्न जगहों पर ड्राप गेट, बैरिकेटिंग और वाहन पार्किंग की व्यवस्था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** डीसी ऋतुराज और एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर दुर्गापूजा को लेकर तिलैया शहरी क्षेत्र में मां दूर्गा की प्रतिमा का दर्शन और इस दौरान मेला का भ्रमण करने वाले लोगों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम बनाने पुख्ता यातायात व्यवस्था की गयी है। प्रमुख शहर तिलैया बाजार और इसके आसपास 28 सितंबर से तीन अक्टूबर तक तक विभिन्न जगहों पर ड्राप गेट, बैरिकेटिंग और वाहन पार्किंग की व्यवस्था शामिल है। यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने नौ जगहों पर ड्रॉप गेट बनाये गये हैं इन ड्रॉप गेटों के अंदर कोई भी बड़ी, छोटी वाहन प्रवेश नहीं करेगी। इनमें महाराणा प्रताप चौक, भादोडीह चौक, बाजार समिति, सीएच स्कूल रोड, बस स्टैण्ड, गांधी स्कूल मोड, पीडब्लुडी रोड, ब्लॉक मैदान रोड, ताराटॉड जाने वाली मार्ग बजरंग बली मंदिर के पास है। जबकि तिलैया बाजार मेला क्षेत्र में भीड को नियंत्रित करने 27 स्थानों पर बैरिकेटिंग की गयी है। इनमें टीओपी गली, देवी मंडप रोड, नया टेलीफोन एक्सचेंज के दोनों तरफ, बटवृक्ष भोला सलीम लेबर चौक, आईएमएस रोड, श्याम बाबा पथ कबाडी होटल, जमना वकील गली, केडी सिंह गली, मनोहर प्रेस गली, पूजा भंडार, हटिया गली, माईका गली, पुराना युनियन बैंक गली, क्वालिटी रेस्टोरेंट गली, पटना ट्रांसपोर्ट गली, अग्रसेन भवन गली, भागवती प्रेस गली, सीताराम हॉस्पिटल गली, काली मंदिर गली, आइसीआइसीआइ बैंक गली, छाबड़ा गली, झलपो गली, रामलखन गेट, गुरुद्वारा रोड, असनाबाद पेट्रोल पंप, तुरिया टोला सर्विस रोड, कुंआ के पास, हरी तुरी के घर के पास, विवेक विल्ला के घर के पास, गांधी स्कूल रोड है।

### आठ जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था

तिलैया बाजार के कुल आठ स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। इन पार्किंग स्थानों पर श्रद्धालु अपना वाहन लगायेंगे और वहां से पैदल मां दूर्गा पंडाल और मेला क्षेत्रों में भ्रमण करेंगें। जहां पार्किंग की व्यवस्था की गयी है, उनमें श्रम कल्याण, ब्लॉक मैदान, बाजार समिति, सीएच स्कूल, पुराना संजय पेट्रोल पंप, शिव शक्ति नगर गोबर्धन मैदान मड़ुआटांड, पीडब्लुडी सडक बस स्टैंड हैं।

### एसपी ने की श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील

एसपी अनुदीप सिंह ने श्रद्धालुओं से अपील है कि उपरोक्त व्यवस्थाएं जो आपलोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बनायी गयी है, उसका भरपुर लाभ उठायें। विधि-व्यवस्था और शांति-व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस को अपेक्षित सहयोग करें।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** यहां के कैलुजारा में स्विफ्ट कार और हाइवा के आमने सामने टक्कर में स्विफ्ट कार चालक की मौत घटनास्थल पर हीं हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गझंडी के समीप कैलुजारा के पास स्विफ्ट कार में सवार एक परिवार के चार लोग बोकारो से आ रहे थे, विपरीत दिश से आ रही हाइवा की आपस में भिंड़त हो गयी इस दर्दनाक हादसे में चालक संतोष कुमार नायक पिता नारायण नायक दांतु, कसमार, बोकारो उम्र करीब 47 वर्ष मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल मिथलेश प्रसाद पिता प्रेमचंद नायक, दांतु, कसमार, बोकारो उम्र करीब 43 वर्ष, सुषमा रानी पति मिथलेश प्रसाद दांतु, कसमार, बोकारो, उम्र करीब 41 वर्ष, अर्णव राज पिता मिथलेश प्रसाद, दांतु, कसमार, बोकारो उम्र करीब 14 वर्ष, आरव राज पिता मिथलेश प्रसाद, दांतु, कसमार, बोकारो उम्र करीब 09 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का विष्णुगढ़ के वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गंभीर रूप से घायल मिथलेश प्रसाद और सुषमा रानी को रांची रेफर कर दिया गया।घायल सुषमा रानी ने बताया कि चतरोचट्टी +2 उच्च विद्यालय में योगदान देने के लिए जा रही थी इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही हाइवा ने कार को टक्कर मार दी जिसकी वजह से यह घटना घटी। घटना के तुरंत बाद विष्णुगढ़-थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले लिया।

# हजारीबाग के युवा क्रिकेटर राहुल और प्रभात का झारखंड टीम में हुआ चयन, वीनू मांकड़ ट्रॉफी में दिखायेंगे दम

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एडीसीए) और हजारीबाग जिले के खेल प्रेमियों के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है। जिले के दो होनहार क्रिकेट खिलाड़ी राहुल रजक और प्रभात कुमार का चयन झारखंड की टीम में हो गया है। ये दोनों खिलाड़ी बीसीसीआइ (बीसीसीआइ) के प्रतिष्ठित डोमेस्टिक टूर्नामेंट वीनू मांकड़ ट्रॉफी 2025-26 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट आगामी 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित किया जायेगा। झारखंड की टीम का मुकाबला इस टूर्नामेंट में जम्मू-कश्मीर, मुंबई, तमिलनाडु जैसे मजबूत टीमों सहित अन्य राज्यों के साथ होगा, जहां राहुल और प्रभात को अपनी प्रतिभा साबित करने का शानदार मौका मिलेगा। राहुल हजारीबाग शहर के कुमारटोली के और प्रभात बरही विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं। हजारीबाग के दोनों युवा खिलाड़ियों के इस शानदार सलेक्शन पर हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। एचडीसीए के अध्यक्ष सह हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और सचिव बंटी तिवारी सहित अन्य संघ से जुड़े लोगों ने राहुल रजक और प्रभात कुमार के उज्जवल भविष्य और शानदार प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। सांसद मनीष जायसवाल ने भरोसा जताया कि ये खिलाड़ी टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर हजारीबाग और पूरे झारखंड का नाम रोशन करेंगे।

# डीसी-एसपी ने कटकमसांडी और बड़कागांव के विभिन्न पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**पंडालों की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया और आयोजकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** दुर्गापूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीसी शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से शनिवार को कटकमसांडी और बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने पंडालों की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया और आयोजकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीसी ने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान सभी पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में किसी प्रकार की लापरवाही का कोई गुंजाइश न हो इस बात का आयोजन समिति विशेष ख्याल रखे। उन्होंने आयोजकों को पंडालों को मजबूत और सुरक्षित ढंग से तैयार करने का निर्देश दिया ताकि बारिश या तेज हवा की स्थिति में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए कहा कि महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग बनाये जायें, जिससे भीड़भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही, बिजली के तारों को ढककर रखने और अग्निशमन के पर्याप्त साधन उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा की विशेष तैयारी की गयी है और पुलिस बल के साथ-साथ प्रशिक्षित वॉलेंटियर भी भीड़ नियंत्रण में मदद करेंगे।

दोनों अधिकारियों ने पंडाल आयोजकों से अपील की कि वे जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी और अन्य पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## टाटीझरिया में हाथियों का आतंक जारी किसान चिंतित, वन विभाग भी परेशान



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण आतंकित हैं। शुरुआत में इनकी संख्या कम थी, इस वजह से लोगों को परेशानी कम होती थी और इन्हें भगाने में भी आसान होता था। धीरे - धीरे ये भी लोगों को देखते - देखते इनके आदि हो गये हैं। मशाल से पहले ये आसानी से भागने लगते थे, अब उससे भी ये निडर हो गये हैं, बम - पटाखे भी इनके खिलौने हो गये हैं। अब जंगली हाथियों की भी संख्या क्षेत्र में काफी बढ़ गयी है। बताया जाता है कि हजारीबाग जिले भर में कई समूहों में ये लगभग 150 की संख्या में हैं। किसी समूह में 36, किसी में 40, किसी में 30, किसी में 28, किसी में 7 की संख्या में ये विभिन्न क्षेत्रों में आतंक फैला रहें हैं। एक समूह किसी गांव से भागता है तब तक दूसरा समूह पहुंच जाता है। वन विभाग भी परेशान इस प्रकार वर्ष भर इनका आना - जाना लगा रहता है। इनके क्षेत्र में आते ही ग्रामीण दहशत के साए में जीने को विवश होते हैं। शुक्रवार के रात्रि को अमनारी के करमाटांड पहुंचा जहां लोग काफी भयभीत हो गया। लोगों में भय का माहौल बन गया। झरपो निवासी कृष्णा कुमार पिता उपेंद्र प्रसाद के अमनारी तेलियागड्ढा में लगे धान के फसल को नष्ट कर दिया वहीं करमाटांड अमनारी निवासी शशिकांत प्रसाद, रघुनाथ महतो,रमन महतो, निर्मल महतो, निर्मल प्रजापति, बैजनाथ ठाकुर, खंभवा विशुन प्रजापति, तेजनारायण प्रजापति, प्रकाश यादव, इंद्रदेव प्रजापति के धान के फसल को नष्ट कर दिया। वहीं ग्राम अमनारी करमाटांड निवासी तुलसी महतो, बासुदेव महतो, शंकर महतो और सुरेंद्र प्रसाद के चारदीवारी को तोडते हुए और बारी में लगे फसल को रौंदते हुए बाहर निकल गया।

## शारदा स्कूल में धूमधाम से मना दुर्गोत्सव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मडुआटांड झुमरीतिलैया स्थित शारदा स्कूल में धूमधाम से दुर्गापूजा का उत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश जी की झांकी निकाली गयी। दुर्गा के रूप में जिया, लक्ष्मी के रूप में रितिका, सरस्वती के रूप में पलक, गणेश के रूप में केशव थे। जबकि आरुषि, पीहू, पल्लवी, प्रियांशी, वंशिका ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उज्जवल, अमन, शिवांश, सुमन ने अंजनी के लाल गाने पर नृत्य कर सबको भक्तिमय बना दिया। सुमन सलूजा ने माता का भजन गाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य बबीता पांडे ने दुर्गा पूजा का महत्व और कारण बताया वह सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। सभी शिक्षकों ने भी सभी को दुर्गापूजा की शुभकामनाएं दी। मौके पर सुमन सलूजा, अंजली, राखी पात्रों, पलक, निधि, कंचन कुमारी, अनु कुमारी, सोनल शर्मा, पवन शर्मा, सुमित कुमार, सुजीत कुमार, विभा देवी मौजूद थे।

## पौधरोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पंकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना पीबी-सीएमपी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत आज सिकरी साइट परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर परियोजना के कर्मचारियों, विभागाध्यक्षों और अन्य अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास ने स्वयं पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति एनटीपीसी माइनिंग की प्रतिबद्धता का संदेश दिया। श्री दास ने अपने संबोधन में हरित पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधारोपण से न केवल पारिस्थितिक संतुलन कायम रखने में सहायक होती बल्कि यह स्वच्छ और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पौधारोपण अभियान पीबी-सीएमपी की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि स्वच्छ और सुरक्षित खनन पद्धतियों के साथ-साथ परियोजना पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण में भी सक्रिय योगदान देती रहेगी।

## नवरात्र के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन चौकस



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के दौरान विधि व्यवस्था दुरुस्त हो और आम लोगों को कोई परेशानी न हो इसे लेकर प्रखंड प्रशासन भी सजग व चौकस है। केरेडारी बीडीओ विवेक कुमार, सीओ रामरतन बरनवाल व थाना प्रभारी विवेक कुमार ने क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारीयों ने पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर के पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पूजा समिति को सदस्यों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा की पर्व के दौरान हर समय पुलिस प्रशासन आम जनता के साथ है और लोग बेहिचक अपनी समस्या को सीधे प्रशासन को बता सकते हैं साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील किया। आगे कहा की पर्व के दौरान शराब पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा व हुड़ दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन और झुमरीतिलैया नगर परिषद के द्वारा आयोजित सेवा 2025 के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन झुमरीतिलैया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ जिसमें मारवाड़ी युवा मंच ने भी अपनी सहभागिता निभायी। मंच के अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि उपायुक्त ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह के निर्देश के आलोक में सामाजिक एकीकरण के तहत मंच भी समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। कहा कि नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता एवं सीटी मैनेजर लेमांशु कुमार के प्रयास से सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन आगे आ रहे हैं। रक्तदान करने वालों में प्रतीक संघई, आयुष केडिया का नाम शामिल है। मायुम के संयोजक अरविंद चौधरी, रक्तदान शिविर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरपी शर्मा, बीपीएम मोनाजीर हसन के अलावा टेक्नीशिनल प्रियरंजन कुमार, सौरभ कुमार, सुरज कुमार मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर टीबी हेड एक्स-रे में 82 लोगों ने स्कीनिंग करायी। 60 महिला और 22 पुरूष के स्कीनिंग में 3 मामले पॉजिटीव पाये गये। जिनको अगले 6 माह तक दवा व पोषण से संबंधित सामाग्री उपलब्ध करायी जायेगी। टीम में टेक्नीशियन सुरेश कुमार के अलावा के सालिक जफर, सुनीता कुमारी मौजूद थे।

## जिंदल स्टील को मिला राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय का दर्जा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली जिंदल स्टील ने इतिहास रच दिया है। कंपनी को केंद्र सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीभीईटी) ने राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय का दर्जा प्रदान किया है। इस दर्जे के साथ जिन्दल स्टील अब देशभर में युवाओं को कौशल प्रमाणपत्र जारी कर सकेगी। कंपनी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलायेगी जो सीधे औद्योगिक जरूरतों और नये जमाने की तकनीकों से जुड़े होंगे। इनमें हरित ऊर्जा, डीकार्बोनाइजेशन और सर्कुलर इकोनॉमी जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल होंगे। जिन्दल स्टील का मानना है कि यह पहल शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटेगी। कंपनी द्वारा जारी किये जाने वाले प्रमाण-पत्र न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी मान्य होंगे, जिससे युवाओं को बेहतर करियर अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर जिन्दल स्टील के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने कहा कि एनसीवेट ने जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है, वह गर्व की बात है। हम औद्योगिक मानकों को शिक्षा और प्रशिक्षण में शामिल कर युवाओं को श्रेष्ठ भारतीय ज्ञान और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिन्दल स्टील देश की अग्रणी स्टील कंपनियों में से एक है, जो माइन-टू-मेटल मॉडल पर काम करती है। 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश के साथ कंपनी अंगुल, रायगढ़ और पतरातू में अत्याधुनिक स्टील संयंत्र संचालित करती है। भारत के साथ-साथ अफ्रीका महाद्वीप में भी इसकी मजबूत उपस्थिति है।

## दुर्गा पूजा के अवसर पर भागवत कथा का आयोजन



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के अवसर पर नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति कुंदा की ओर से भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसके लिए भव्य पंडाल और आकर्षक रूप से सजावट किया गया है। यहां आने वाले हर श्रद्धालु के लिए बैठने का उत्तम व्यवस्था किया गया है। कुंदा जैसे पिछड़े क्षेत्रों में भी देवी की प्रतिमा की सजावट काफी अच्छे कारीगरों द्वारा किया गया है। पूजा पंडाल में लोगों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी काफी मेहनत के साथ देखभाल कर रही हैं। श्रीमद् भागवत कथा और झांखी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया जबकि कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया, इस दौरान ठाकुर बाबा के पूजन-आरती के बाद वृंदावन से आयी कथा वाचिका सुश्री पंडित अंजना किशोरी जी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत महापुराण के बारे में पहुंचने वाले भक्तों को अनुसरण करने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर कतरास के सुप्रसिद्ध झांखी कलाकार नवीन गुप्ता द्वारा भव्य वीर हनुमान जी की झांकी सजाई गयी, जिससे दर्शकों को आध्यात्मिक आनंद की झांकी में हनुमान जी की विराट शक्ति, प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अद्वितीय भक्ति तथा लोककल्याण के संदेश को अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।

## काली मंदिर में 30 सितंबर को विशेष आरती






**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर के अव्वल मुहल्ला स्थित सुप्रसिद्ध काली मंदिर में नवरात्रि के मौके पर काली मंदिर पूजा समिति द्वारा आगामी 30 सितंबर को संध्या साढ़े सात बजे विशेष आरती की व्यवस्था की गयी है। जिसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी के आचार्यों द्वारा भक्तिमय स्वर में प्रशिक्षित ब्राह्मणों की पांच सदस्यीय टीम द्वारा आरती की जायेगी। समिति के सदस्यों ने तमाम सनातनी महिला - पुरुषों से इस मौके पर उपस्थित होकर भव्य आरती में शामिल होने की अपील किया है। ज्ञात हो कि चतरा शहर में यह इकलौता काली मंदिर है। जहां नवरात्रि और अन्य त्योहारों में भक्तों की काफी भीड़ रहती है।

## त्योहार को पानी - पानी कर देगा बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव

रामगढ़ **(आजाद सिपाही)।** जिले में दशहरे के त्यौहार को बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन पानी पानी कर देगा। मौसम विभाग ने जो भविष्यवाणी की है, उसके अनुसार 2 अक्टूबर तक बारिश होती रहेगी। कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ मे संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के मौसम पर्यवेक्षक शशि कान्त चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार 02 अक्टूबर तक रामगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम पर्यवेक्षक ने बताया कि रामगढ़ जिले में इस वर्ष 1 जून से 27 सितम्बर तक 1340 .9 एमएम दर्ज कि गयी है। जो सामान्य वषार्पात से 33 प्रतिशत अधिक है। मौसम विभाग 30झ्र40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के झोंके तथा वज्रपात की संभावना के मद्देनजर 02 अक्टूबर तक जिले के लिए येलो अलर्ट प्रभावी रहेगा। उन्होंने किसानो को खेत में काम करते समय आकाशीय बिजली से सावधान रहने, मेघगर्जन होने पर खुले मैदान, पेड़ के नीचे या बिजली के खंभे के पास न खड़े होने, मोबाइल फोन का उपयोग मेघगर्जन के दौरान बाहर खड़े होकर न करने कि अपील की है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े अमन साहू गिरोह के तीन शूटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा प्लांट के ऐश पौंड कोल गेट के पास बीते बीस सितंबर को अमन साहू गैंग के अज्ञात शूटरों द्वारा गोलीकांड और पर्चा छोड़ कर जिम्मेवारी लेने की घटना प्रकाश में आया थी। टंडवा पुलिस ने सात दिनों में इस कांड में शामिल तीन अमन साहू गैंग के शूटरों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता पायी है। शनिवार को टंडवा डीएसपी कार्यालय से प्रेस रिलीज कर डीएपी ने बताया की अमन साहू गैंग के कुछ लोग बड़ी घटना को अंजाम देने को लेकर सक्रिय है। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक चतरा को प्राप्त हुआ था। कुछ संदिग्ध व्यक्ति मोटर साईकिल पर सवार होकर टंडवा क्षेत्र के बसरिया की ओर से एनटीपीसी कोल गेट की ओर आने वाले है। और कोई बड़ी घटना को अंजाम देने वाले है। उक्त सूचना के आलोक में टंडवा पुलिस की छापेमारी टीम गठन किया गया। टीम ने बसरिया से मगध संघमित्रा बाईपास रोड में राहम मोड के पास आने जाने वाले वाहनों को सघन जांच किया गया। इस क्रम में मोटर साईकिल सवार दो व्यक्ति को पकड़ा गया। वहीं एक व्यक्ति मोटर साईकिल साथ लेकर भागने में सफल रहा, और व्यक्ति पकड़े गये। इसमें गौतम कुमार उम्र 26 वर्ष, पिता बिनोद प्रसाद, ग्राम बभनबे, पुरुषोत्तम कुमार उम्र 35 वर्ष, पिता कौलेश्वर साहु, ग्राम डेमोटांड, दोनो मुफ्फसिल, जिला हजारीबाग निवासी है। पकड़ाये उक्त दोनों व्यक्तियों की तालाशी लेने के क्रम में गौतम कुमार के पास से एक पिस्टल, एक जिंदा गोली और एक मोटोरोला कंपनी की मोबाईल बरामद की गयी। इस संबंध में टंडवा थाना कांड संख्या 204/25 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। अनुसंधान के क्रम मे कांड के एक अन्य प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक आनन्द, पिता रामचंद्र महतो, ग्राम मुण्डरो, थाना बगोदर, जिला गिरिडीह, वर्तमान पता पंचशील कॉलोनी, थाना मुफ्फसिल, जिला हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है। तीनों अभियुक्तों पूछताक्ष के दौरान गोली घटना की स्वीकार किया। तत्पश्चात तीनों अभियुक्तों को चतरा जेल भेज दिया गया और घटना में शामिल अन्य अपराधियों को लेकर अनुसंधान जारी है। पुलिस द्वारा एक पिस्टल और एक जिंदा गोली, दो मोबाईल फोन जब्त किया गया। छापामारी दल में डीएसपी प्रभात रंजन बरवार, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी टंडवा अनिल उरांव, पुअनि दिलेश्वर कुमार, पुअनिअमित कुमार, पुअनि सुनिल सिंह टंडवा थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल है।

# दुर्गा पूजा पर नकली शराब बेचने की थी तैयारी, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** दुर्गा पूजा पर नकली शराब बेचने वालों गिरोह का रामगढ़ पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापामारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में शराब, स्टीकर, ढक्कन जब्त की है। साथ ही इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जबकि, मुख्य शराब कारोबारी छापामारी के दौरान पुलिस को देख भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के न्यू कॉलोनी बगीचा में रूपेश कुमार कसेरा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चोरी-छिपे अवैध शराब से प्रिंट और अन्य केमिकल मिलाकर नकली शराब का निर्माण किया जा रहा है और नकली शराब को ब्रांडेड शराब की बोतलों में पैक किया जा रहा है। सूचना पर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार और सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार के नेतृत्व में छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान ब्लेंडर प्राइड 750 एमएल की 11 बोतल, ऑफिसर चॉइस प्लास्टिक बोतल में 36 बोतल, 8 पीएम प्रीमियर ब्लैक एलिट व्हिस्की स्टिकर 50 पिस, मैकडॉनल्ड 'एस लग्जरी स्टीकर छोटा बंडल एक पीस, मैकडॉवेल' एस लग्जरी नंबर वन स्टीकर एक बंडल, रॉयल स्टैग स्टिकर 17 पीस, आरसी लिखा काला रंग का ढक्कन 20 पीस, आईकॉनिक व्हाइट लिखा काला रंग का बड़ा ढक्कन 20 पीस, आईकॉनिक व्हाइट छोटा ढक्कन 40 पीस, ब्लैक प्रीमियम का ढक्कन 50 पीस, ब्लेंडर्स प्राइड खाली बोतल 16 पीस, झारखंड सरकार का लोगो लगा हुआ स्टीकर छोटा बंडल जब्त किया गया। मौके से पकड़ा गया युवक श्याम मुंडा ने बताया कि रूपेश कुमार कसेरा द्वारा यह कार्य करने को कहा गया था और कार्टून में भर कर दुर्गा पूजा के अवसर पर रामगढ़ के बाजार में बेचने की तैयारी कर रहे थे। इधर, पुलिस ने रूपेश कुमार कसेरा पिता अशोक प्रसाद कसेरा और श्याम मुंडा पिता स्व श्याम मुंडा पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 268/25 के तहत मामला दर्ज कर ली है।

### सांसद ने दिव्यांगजनों को दी बैटरी ट्राई साइकिल

# दिव्यांगों में होती हैं दिव्य शक्तियां : कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** सांसद कालीचरण सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चतरा स्थित अपने आवास पर 15 दिव्यांग बंधुओं को निःशुल्क बैटरी ट्राई साइकिल प्रदान की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपने आप को कमजोर न समझें, क्योंकि उनके भीतर विशेष दिव्य शक्तियां भी होती हैं। सांसद ने आगे कहा कि ये सहायता उपकरण न केवल उनकी शारीरिक मदद करेंगे, बल्कि उन्हें शिक्षा, रोजगार और समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आत्मविश्वास भी देंगे। उन्होंने कहा कि यही सेवा का भाव समाज के वास्तविक उत्थान की दिशा में कदम है। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की पहल उसकी एक छोटी सी कड़ी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया के मंच पर मजबूती से उभर रहा है, और उनकी प्रेरणा से हम सभी में सेवा भाव और समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचने का संकल्प मजबूत होता है। सांसद ने सभी लाभार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जतायी कि यह ट्राई साइकिल उनके जीवन में नई गति और ऊर्जा लेकर आयेगी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, विद्यासागर आर्य, बसंत यादव, दुलारचंद, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष की मां का निधन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुशवाहा भवन के संस्थापक और प्रथम अध्यक्ष स्व मोहन महतो की पत्नी पदमिनी देवी की बीएमसी कोलकाता अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को निधन हो गया। पुत्र रविकांत कुशवाहा छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष और कुशवाहा भवन के संरक्षक सदस्य और सदस्य प्रदीपकांत कुशवाहा की माताजी थी। रविवार को उनका अंतिम संस्कार गांधी घाट में किया जायेगा। उनकी आत्मा की शांति के लिए समाज के लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक व्यक्त करने वालों में घनश्याम महतो, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, उमेश चंद्र, बलराम प्रसाद कुशवाहा, रमेश प्रसाद कुशवाहा, भोलानंद प्रसाद, जानकी महतो, बसंत कुशवाहा, शिवचंद प्रसाद शिवा, भीम कुमार कुशवाहा, अनिल प्रसाद कुशवाहा, संतोष कुमार, आनंद कुशवाहा, दीपू कुशवाहा, राजू सम्राट, प्रकाश कुमार, पंकज कुशवाहा, विक्रम कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, निशांत कुमार आदि शामिल थे।

## स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के बाजार टांड स्थित किड्स वर्ल्ड हाईस्कूल में शनिवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर कक्षा प्री नर्सरी से यूकेजी तक के बालिकाओं का कन्या पूजन कराया गया। कक्षा एक से अष्टम तक के बच्चों को भाषण प्रतियोगिता, मां दुर्गा पर आधारित गाने पर डांडिया नृत्य, कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ मिलकर रावण, मां दुर्गा की पेंटिंग डांडिया क्राफ्ट आदि बनाये। मौके पर सभी बच्चों ने डांडिया और गरबा नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में पहुंची छात्राएं मां दुर्गा की वेशभूषा में बहुत आकर्षक दिखाई दे रही थी। विद्यालय के निदेशक आनंद कुशवाहा ने भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उनके मनोबल को बढ़ाया। इंचार्ज अविनाश कुमार ने सभी बच्चों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सराहना की। वहीं विद्यालय के संस्थापक भीम प्रसाद ने बच्चों के बीच दुर्गा पूजा के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। मौके पर स्कूल के प्राचार्या नेहा कुमारी, शिक्षक रमेश विश्वकर्मा, संजय कुमार, तानिया गुप्ता, राजश्री पांडे, काजल वर्मा, प्रियंका बनर्जी, रिया रॉय, कोमल कुमारी, पूजा सिंह, प्रगति कुमारी, ज्योति कुमारी, निधि कुमारी, विनीता, शोभा, दीपिका, इशिका, राखी, साजिया, सरोज, बबीता, वर्षा आदि मौजूद थे।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.MSM-TESTING-LMLT-PP-22-25

**कार्य का नाम:** पांच वर्षों की समयावधि हेतु सम्बलपुर मण्डल में कैरिज एवं वैगन डिपो के लिफ्टिंग मशीन, लिफ्टिंग टैकल, एवं पेसर प्लांट्स का परीक्षण तथा प्रमाणीकरण।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 12,00,586.64, EMD (रुपये में): 24,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 60 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 15.10.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

असिस्टेंट डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर(फ्रेट)/सम्बलपुर

PR-644/Q/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.ST/OT/SIT/KUR/01, दिनांक : 19.09.2025

**कार्य का नाम:** खोरधा रोड मण्डल में IRSEM के अनुसार EI एवं PI स्टेशन के लिए सिग्नल अखण्डता (Integrity)परीक्षण का निष्पादन । (स्टेशन : सुकिन्दा रोड, सीताबिंज, राजआठगढ़, चारबटिया, बसंतपुर, बाजीपड़ा, राधाकिशोरपुर, मार्शाघाई, नूआगांव, कलाघर, सिजु, केरेजांग, रंदिया बाउदपुर एवं ललितगिरि)।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 1,43,85,424.18, EMD (रुपये में): 2,21,900/- ।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक 29.09.2025,

**निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 13.10.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं टेलीकॉम)/खोरधा रोड

PR-642/Q/25-26

**सूचना**

यह सूचित किया जाता हैं कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट कम्पनी कि शाखा मालखरौदा (34:12), जो कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट मालखरौदा सेंट थॉमस स्कूल थन रोड के सामने मालखरौदा, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-495691 मे स्थित हैं अब 30-12-2025 से खरसिया (34:06), कैशपार माइक्रो क्रेडिट खरसिया राठोर मार्ग मंगल बाजार बाइ पास रोड खरसिया, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-496661 में विलय (मर्ज) हो रही हैं। इस विलय के पश्चात सभी कार्यवाहियां एवं सेवाएं खरसिया (34:06), कैशपार माइक्रो क्रेडिट खरसिया राठोर मार्ग मंगल बाजार बाइ पास रोड खरसिया, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-496661 के माध्यम से ही संचालित कि जाएंगी । सभी ऋण लाभार्थियों से अनुरोध हैं कि वे भविष्य मे किसी भी प्रकार के कार्य हेतु खरसिया शाखा से संपर्क करे। **संपर्क नंबर: 6260058631 , 7489887381**

यह सूचित किया जाता हैं कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट कम्पनी कि शाखा बिलाईगढ़ (34:20),जो कि कैशपार माइक्रो क्रेडिट बिलाईगढ़ C/O चौत राम साहू सागर पब्लिक स्कूल के पास, बिलाईगढ़, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-493338 मे स्थित हैं अब 30-12-2025 से बिर्रा शाखा (34:02), कैशपार माइक्रो क्रेडिट बिर्रा C/O तीजु राम साहू चांपा रोड ग्रामीण बैंक के ऊपर जंजगीर चांपा, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-495661मे विलय (मर्ज) हो रही हैं। इस विलय के पश्चात सभी कार्यवाहियां एवं सेवाएं बिर्रा शाखा (34:02), कैशपार माइक्रो क्रेडिट बिर्रा C/O तीजु राम साहू चांपा रोड ग्रामीण बैंक के ऊपर जंजगीर चांपा, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-495661 के माध्यम से ही संचालित कि जाएंगी । सभी ऋण लाभार्थियों से अनुरोध हैं कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के कार्य हेतु बिर्रा शाखा से संपर्क करे। **संपर्क नंबर: 7489112415 , 7240926968**

**कैशपार माइक्रो क्रेडिट**

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**

बोकारो इस्पात संयंत्र

बोकारो स्टील सिटी - 827001 झारखण्ड, इण्डिया

**बोकारो इस्पात नगर पूजा पंडालों और समितियों के ध्यानार्थ**

**सूचना/अपील**

**सभी पूजा पंडालों और समितियों को बिजली उपभोग हेतु विधिवत विद्युत कनेक्शन लेना आवश्यक है.**

**कनेक्शन प्रदान करने हेतु निम्नलिखित अहर्ताएं आवश्यक हैं:**

**A) Land permit from BSL .**

**बीएसएल से जमीन की मंजूरी .**

**B) Permit from District Admin. for the occasion.**

**पूजा आयोजन के लिए जिला प्रशासन से मंजूरी.**

**c) Test Report (provided by Electrical Liecencee Supervisor (Jharkhand Govt.) With a copy of License Certificate**

**उचित अनुमोदन के बाद मांग के अनुसार निम्नलिखित शर्तों पर विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे:**

1. पूजा समितियों को सुरक्षा के लिए पंडाल से दूर अलग बिजली वितरण बोर्ड और बैरिकेडिंग सुनिश्चित करनी होगी। ये बोर्ड के पास अग्निशामक यंत्र होने चाहिए।
2. पूजा समिति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पंडाल और उसके आसपास कोई तार या तार में जोड़ न हो।
3. पूजा समिति को मुख्य बिजली वितरण बोर्ड के पास चौबीसों घंटे कुशल इलेक्ट्रीशियन की तैनाती सुनिश्चित करनी होगी।
4. किसी भी परिस्थिति में बीएसएल एल.टी. नेटवर्क से एकाधिक कनेक्शन नहीं लिया जाना चाहिए।
5. सभी बिजली के तार मानवीय पहुँच में नहीं होने चाहिए।
6. पूजा समिति को विद्युत ड्यूटी पर तैनात व्यक्तियों के लिए स्थानीय सेक्टर मेंटेनेंस पोस्ट के साथ-साथ बीएसएल टीए नगर सेवा कार्यालय में उनके संपर्क नंबर के साथ संपर्क व्यक्ति की जानकारी देनी होगी।
7. सभी कनेक्शन भारतीय विद्युत नियम के मानकों के अनुसार किये जाने चाहिए।
8. पूजा समिति उन सभी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जिनकी बिजली आपूर्ति उनके द्वारा अस्थायी रूप से दी गई है
9. उपयोग की जाने वाली विद्युत केबल मानक गुणवत्ता और रेटिंग की होनी चाहिए।
10. निर्देशों के उल्लंघन के कारण होने वाली किसी भी चूक के लिए पूजा समिति पूरी तरह से जिम्मेदार होगी।

**यदि उचित मंजूरी नहीं ली गई या सुरक्षा का उल्लंघन हुआ तो पंडालों की बिजली काट दी जाएगी।**

आदेशानुसार

नगर प्रशासन विभाग

पंजीकृत कार्यालयः इस्पात भवन लोदी रोड, नई दिल्ली 110003

*हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल*


## दो महिलाओं के शव बरामद

चतरा(आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के लरकुआ जंगल में दो अज्ञात महिलाओं के क्षत विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। शवों की स्थिति अत्यंत खराब है। जिसके कारण इसकी पहचान करने में कठिनाई हो रही है। घटना स्थल पर बदबू फैली हुई है और शव बुरी तरह से सड़ चुकी हैं। शव को जंगली जानवरों ने नोच खाया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतकों में से एक महिला चतरा पुरानी कचहरी क्षेत्र की और दूसरी बभने गांव की बतायी जा रही है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। दोनों शवों की हालत इतनी खराब है कि चेहरा पहचानना मुश्किल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इन महिलाओं के मरने का एक कारण आकाशीय बिजली की संभावना भी व्यक्त की जा रही है।

# 1973 से सीसीएल तोपा कोलियरी में शुरू हुई दुर्गा पूजा

**आठ लाख रुपये की लागत से बना मंदिर प्रारूप और भव्य पंडाल, आकर्षण का केंद्र**

अमरजीत कुमार



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के राष्ट्रीयकरण के बाद सन 1973 से तोपा कोलियरी में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ दुर्गा पूजा की जा रही है। तत्कालीन पीओ और श्रमिक नेता राजेंद्र प्रसाद के संयुक्त प्रयास से बढ़ेरा चौक में दुर्गा मंडप की नींव रखी गयी। आज के दौर में शारदीय पूजा समिति द्वारा करीब आठ रुपए की लागत से कोलकाता के मंदिर प्रारूप में 50 - 50 फीट ऊंची व चौड़ाई वाले भव्य और आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल के अंदर के हिस्से को भी विभिन्न कलाकृतियों से सजाया जा रहा है। लोगों का मानना है कि मां के दर्शन से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। इधर, सरना स्थल मैदान में विजयादशमी पर आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया जाता है। वहीं, 2015 से जारी डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सह पीओ एमके सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कोलियरी मैनेजर चंद्रवीर नारायण, मुख्य संयोजक रामभजन लाल महतो, सचिव रामेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो, सदस्य अशोक सिंह, रंजीत सिंह, अरविंद सिंह, विजय कुमार, मनोज कुमार, बिगन राम, मंगू मांझी, अघनु मांझी, तेजलाल महतो, कामेश्वर गंझु, रामनाथ महतो, जतरु बैठा समेत कई लोग जुटे है।

### 1993 से चलायमान प्रतिमा की हुई शुरुआत : राम भजन लाल

पूजा समिति के मुख्य संयोजक रामभजन लाल महतो ने बताया कि विधि विधान से पूजा जारी है।1993 से चलायमान प्रतिमा की शुरूआत की गई। जो क्षेत्र वासियों के लिए आकर्षण व सामाजिक सद्भावना का प्रतीक है। पूजा को सफल बनाने में सीसीएल परिवार एवं स्थानीय लोगों की अहम भूमिका रहती है।

### सुरक्षा पर समिति का विशेष ध्यान : रामेश्वर महतो

पूजा समिति सचिव रामेश्वर महतो ने बताया कि भव्य पूजा पंडाल और पूजार्चना के लिए सभी कार्य पूरी कर ली गयी है। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे के अलावे, दर्शनार्थियों की सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष फोकस रहेगा। वहीं, डांडिया प्रतियोगिता को भी भक्तिमय बनाया जायेगा।

# मोहम्मद यूनुस की गलतबयानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाये हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं।

**न्यूयॉर्क में बयान :** मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गये हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया - हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाये जाने पर चिंता जरूर जतायी है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गये, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था।

**यूनुस एसएएआरसी को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है - पाकिस्तान की वकालत करना। एसएएआरसी भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन बीआइएमएसटीइसी के जरिये भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है।**

**पाकिस्तान का पक्ष :** यूनुस एसएएआरसी को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है - पाकिस्तान की वकालत करना। एसएएआरसी भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन बीआइएमएसटीइसी के जरिये भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नयी दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**दिल्ली की गद्दी पर बैठने के बाद से ही हमारे प्रधानमंत्री विकास को बार-बार दोहराते रहे हैं। उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों के पर्यटन से निश्चित रूप से लाभ हुआ है, लेकिन हिमालयी क्षेत्र में विकास के नकारात्मक पहलुओं को गणना में शामिल नहीं किया गया है। पहाड़ी राज्यों में आयी आपदाओं का असर पंजाब सहित निचले मैदानी इलाकों पर भी पड़ा है। राज्य पहले से ही भारी कर्ज में डूबा हुआ है। फसलों के नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा देने से कर्ज और बढ़ जायेगा। मदद के लिए मोदी सरकार से संपर्क करना होगा।**

# केवल युद्ध का ही सहारा लेते हैं कमजोर देश

**जूलियो रिबैरो**

देश के अन्य हिस्सों की तरह पंजाब में भी बारिश ने तबाही मचायी है। इस साल बारिश बहुत ज्यादा हुई है। ज्यादातर राज्यों में फसलें बर्बाद हो गयी हैं। मुंबई शहर को अगले मानसून तक पर्याप्त पानी की पूर्ति हो गयी है, इसके लिए शहर के आसपास की 7 झीलों से पानी की जरूरत होती है। मुंबई की पानी की आपूर्ति करने वाली झीलें मानसून के लौटने से एक महीने पहले ही उफान पर आ गयीं। आने वाले साल में शहर के निवासियों को पानी की कोई कमी नहीं होगी।

दिल्ली की गद्दी पर बैठने के बाद से ही हमारे प्रधानमंत्री विकास को बार-बार दोहराते रहे हैं। उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों के पर्यटन से निश्चित रूप से लाभ हुआ है, लेकिन हिमालयी क्षेत्र में विकास के नकारात्मक पहलुओं को गणना में शामिल नहीं किया गया है। पहाड़ी राज्यों में आयी आपदाओं का असर पंजाब सहित निचले मैदानी इलाकों पर भी पड़ा है। राज्य पहले से ही भारी कर्ज में डूबा हुआ है। फसलों के नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा देने से कर्ज और बढ़ जायेगा। मदद के लिए मोदी सरकार से संपर्क करना होगा। ऐसे दुखद समय में, पीड़ित लोग अपनी दुर्दशा का कारण जानने के लिए रुकते नहीं हैं। वे सत्ताधारी दल पर दोष मढ़ते हैं! यह एक सर्वव्यापी घटना है।

**याद रखें कि केवल कमजोर देश ही इस कम लागत वाले युद्ध का सहारा लेते हैं, क्योंकि वे पारंपरिक युद्ध में मजबूत देश का सामना नहीं कर सकते।**

प्रकृति के इस प्रहार को कम करने के लिए, पंजाब के लोग रविवार शाम दुबई में हुए सुपर-4 चरण के पहले मैच में पाकिस्तान पर भारतीय क्रिकेट की जीत का सहारा ले सकते हैं। यह मैच एक हफ्ते पहले हुए पिछले लीग मैच की तरह एकतरफा नहीं था।



**नवरात्रि के पावन अवसर पर उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये उपहार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। मैं पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हूं। क्या व्यापारी जो मोदी के कट्टर समर्थक हैं, प्रधानमंत्री की इस उदारता का लाभ आम आदमी तक पहुंचायेंगे? पैसे के कीड़े ने हमारे उन सभी नागरिकों को काट लिया है, जिनके पास जल्दी पैसा कमाने का अवसर है!**

पाकिस्तानियों ने इस बार बहादुरी से खेला। उन्होंने केवल 5 विकेट खोकर 171 रन बनाये! यह बचाव के लिए एक बहुत ही अच्छा स्कोर था। लेकिन भारत की पारी की शुरुआत करने वाले पंजाब मूल के 2 बल्लेबाजों का विचार कुछ और ही था।

अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन जोड़े और छक्के-चौके लगाये, जिससे दर्शक दीर्घा में बैठे भारतीय दर्शक आनंदित हो गये। बेशक पाकिस्तानी, जिनकी उपस्थिति हमारे हमवतन खिलाड़ियों के बराबर थी, खुश नहीं थे। उन्हें तब भी अच्छा नहीं लगा जब हमारी टीम ने अपने विरोधियों से हाथ मिलाने से इंकार कर दिया जो उन्हें पहले मुकाबले में उनकी बहुप्रतीक्षित जीत पर बधाई देना चाहते थे। खेल आयोजनों की शुरुआत और समापन पर हाथ मिलाना खेल शिष्टाचार का हिस्सा है। व्यक्तिगत रूप से मैं इस शिष्टाचार का पालन करने के पक्ष में हूं। लेकिन टीम को बीसीसीआइ (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) द्वारा निर्देश दिया गया होगा कि वे पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद का सहारा लेने के खिलाफ हमारे देश के गुस्से को व्यक्त करने के लिए हाथ मिलाने से बचें। याद रखें कि केवल कमजोर देश ही इस कम लागत वाले युद्ध का सहारा लेते हैं, क्योंकि वे पारंपरिक युद्ध में मजबूत देश का सामना नहीं कर सकते।

दुर्भाग्य से, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लगा कि भारतीय प्रधानमंत्री और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल मुनीर के साथ उनकी बातचीत ने ही दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसियों को शत्रुता बढ़ाने से रोका। उन्होंने शायद यह अनुमान लगाया होगा कि यह दोस्ताना बातचीत ही उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार का टिकट साबित होगी। कौन जाने, अगर वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में कामयाब हो जाते हैं या बेंजामिन नेतन्याहू को गाजा में निर्दोष महिलाओं और बच्चों का नरसंहार बंद करने के लिए मना लेते हैं, तो उन्हें यह पुरस्कार मिल भी सकता है। दरअसल, यहीं पर एक ध्रुवीय दुनिया में उनके प्रभाव की परीक्षा होगी। ट्रंप को अपने दोस्त से फिलिस्तीन को एक अलग राज्य के रूप में स्वीकार करवाना होगा, जैसा कि ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने किया है और इससे नोबेल पुरस्कार के लिए उनका रास्ता साफ हो जायेगा।

नवरात्रि के पावन अवसर पर उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये उपहार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। मैं पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हूं। क्या व्यापारी जो मोदी के कट्टर समर्थक हैं, प्रधानमंत्री की इस उदारता का लाभ आम आदमी तक पहुंचायेंगे? पैसे के कीड़े ने हमारे उन सभी नागरिकों को काट लिया है, जिनके पास जल्दी पैसा कमाने का अवसर है!

प्रधानमंत्री को अपने अच्छे कार्यों के कार्यान्वयन पर कड़ी निगरानी रखने का आदेश देना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि उनके अपने अनुयायी उनके इस नेक विचार का पूरा श्रेय उनसे छीन लें। मुझे पहले ही अंदाजा हो गया है कि जीएसटी में कटौती कैसे लागू होने वाली है!

सार्वजनिक रूप से घोषणा की गयी थी कि 22 सितंबर से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। मेरी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण 1 अक्टूबर को होना था। मैं आमतौर पर रिमाइंडर मिलते ही भुगतान कर देता हूं, लेकिन इस साल मैंने हमारे दयालु प्रधानमंत्री के उपहार का लाभ उठाने के लिए 22 सितंबर तक भुगतान टाल दिया। 18 प्रतिशत जीएसटी वाली राशि मेरे बैंक खाते में ही रहेगी! लेकिन बीमा कंपनी ने मेरे उत्साह को स्वीकार नहीं किया। उसने फैसला सुनाया कि शून्य जीएसटी केवल खुदरा ग्राहकों या जो भी इसका मतलब हो, के लिए है। चूंकि मेरी पॉलिसी लगभग 30 साल या उससे भी पहले बैंक के माध्यम से ली गयी थी, इसलिए मुझे 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना पड़ा, इस तथ्य के बावजूद कि प्रधानमंत्री का नया फॉर्मूला नवरात्रि के दिन लागू हुआ था! क्या सरकार द्वारा घोषित अन्य जीएसटी रियायतों पर भी ऐसे बचाव प्रावधान हैं? इस प्रकार के छल-कपट से बचना चाहिए, अन्यथा यह उल्टा पड़ सकता है।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी)**


## कोल्हान की खबरें

### शहीदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कृष्णा हांसदा द्वारा एक यूट्यूब/फेसबुक चैनल में झारखंड के वीर शहीद निर्मल महतो और सुनील महतो के बारे में की गयी आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सामाजिक समूहों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को आदिवासी कुर्मी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस मुख्यालय में पहुंचकर शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंचाने और समाज में वैमनस्य फैलाने वाले पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा आरोपित कृष्णा हांसदा को शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल पर जाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश देने की मांग उठायी। समाज का मानना है शहीद पूरे झारखंड की धरोहर हैं। उनके सम्मान में कोई भी घटिया टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द इस मामले में उचित कार्रवाई कर समाज में शांति बनाये रखने की अपील की।

### राहुल भुइयां हत्याकांड के आरोपी के मकान के निर्माण पर रोक लगाने की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** 29 अगस्त को छायानगर के रहने वाले राहुल भुइयां की हुई हत्या के मामले में परिवार के लोग शनिवार को बस्तीवासियों के साथ एसएसपी कार्यालय पर पहुंचे और एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर लोगों ने सीतारामडेरा पुलिस पर एक आरोपी का मकान बनवाने का आरोप लगाया है। एसएसपी कार्यालय पर पहुंचे लोगों ने सीतारामडेरा पुलिस पर आरोप लगाया कि शुभम शर्मा का मकान बनवाने में पुलिस मदद कर रही है। वहीं परिवार के सदस्यों का कहना है कि अगर इस काम को तत्काल नहीं रोका गया तो बस्ती के लोगों के साथ उनकी ओर से दूसरा कदम भी उठाया जा सकता है। इधर पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों को घटना के 24 घंटे के बाद जेल भेज दिया गया है। बस्ती के लोग झूठा आरोप पुलिस पर लगा रहे हैं।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोहरपुर-छोटानागरा मुख्य मार्ग पर चुरगी के पास एक तेज रफ़्तार महिंद्रा एसयूवी (बॉटल ग्रीन रंग) ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय आजाद हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद एसयूवी में सवार लोग घायल को तुरंत मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के बाद वहां से चुपचाप फरार हो गये। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें राउरकेला अस्पताल ले गये।

### तीन बेटियों के साथ महिला ने की आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बॉर्डर पर स्थित पटमदा के पश्चिम बंगाल के बांदोवान में मां ने अपनी तीन बेटियों के साथ सुसाइड कर लिया। घटना की जानकारी पाकर गांव में शोक की लहर है और पूरे गांव के लोग ही घटना के बाद से स्तब्ध हैं। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर तीन बेटी और मां का सुसाइड करने का कारण क्या हो सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुसाइड करने वालों में बेटियों की मां पिया गोराई (30), बेटी बैशाखी गोराई (13), पल्लवी गोराई (10) और सौरवी गोराई (6) शामिल है। सभी पश्चिम बंगाल के पुरूलिया लतापाड़ा के निवासी हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मुढ़ी और पकौड़ी में जहर मिलाकर मां और बेटियों ने रात को खा लिया था। इसके बाद सभी सो गये थे। इस बीच सभी के प्राण पखेरू कब हो गये परिवार के अन्य सदस्यों को पता तक नहीं चला था। घटना के दिन घर के मुखिया आनंद गोराई सब्जी बेचने के लिए जमशेदपुर की तरफ गए हुए थे। लौटने पर उन्होंने कुछ खाया नहीं और रात को सो गये। आनंद के पिता की बात करें तो वे बीमार हालत में पड़ें हुए थे। उन्हें तो घटना का आभास तक नहीं हुआ था। हालांकि घटना की रात को परिवार के सदस्य और पड़ोसी अस्पताल भी लेकर गए थे। वहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद पश्चिम बंगाल के लतापाड़ा से लेकर पटमदा तक के गांवों में शोक की लहर है।



### एर्नाकुलम-टाटा एक्सप्रेस के एसी कोच से महिला का शव बरामद

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटानगर रेल पुलिस ने शनिवार की सुबह एनार्कुलम-टाटा एक्सप्रेस ट्रेन के एक एसी कोच से महिला यात्री का शव बरामद किया है। बताया जा रहा है कि महिला यात्री की मौत हृदय गति रूकने से हुई है। फिलहाल रेल पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिल रेल यात्री की पहचान पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला के महुलिया निवासी अंजली मार्डी (31) के रूप में की गयी है। अंजली के बारे में बताया जा रहा है कि वह शादी शुदा थी और वह आंध्र में काम करने के लिए गयी हुई थी। काम करके ही वह लौट रही थी। इस बीच रास्ते में ही उसकी तबियत काफी बिगड़ गयी थी। बताया जा रहा है कि तबियत बिगड़ने के कारण ही उसकी मौत हो गयी है।

### ममता महतो की नियुक्ति की खबरों को निराधार बताया

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सहायक आचार्य पद पर ममता महतो की नियुक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा ने झूठा और भ्रामक बताया। शनिवार को उन्होंने स्पष्ट किया ममता महतो की न तो काउंसलिंग हुई है और न ही नियुक्ति पत्र जारी किया गया। शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा ने जानकारी दी फोल्डर उपलब्ध नहीं होने के कारण ममता महतो की काउंसलिंग नहीं हो सकी। इसी वजह से नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरें तथ्यहीन हैं और जनता को गुमराह करने वाली हैं। इस मामले की जानकारी जिले के डीसी और डीडीसी को भी दी गयी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की वे सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें और अफवाहों से बचें।

### राजनीति में युवाओं की भागीदारी जरूरी : सरयू राय

**विधायक सरयू राय की मौजूदगी में तीन युवाओं ने थामी राजनीति की नयी राह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के नेतृत्व में जनता दल (यूनाइटेड) को नयी ऊर्जा मिली है। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े तीन सक्रिय युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बिष्टुपुर स्थित विधायक कार्यालय सह आवास में आयोजित एक सादे समारोह में परसुडीह प्रखंड के महामंत्री (विश्व हिंदू परिषद) यशवंत शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक ओझा और खंड संयोजक (विश्व हिंदू परिषद) अभिषेक पासवान ने जदयू की सदस्यता ली। विधायक ने तीनों को पार्टी में शामिल करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और समर्थन दिया। विधायक सरयू राय ने कहा आज की राजनीति में स्वच्छ छवि और सेवा भावना रखने वाले युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जतायी यशवंत, अभिषेक ओझा और अभिषेक पासवान जैसे ऊर्जावान युवा जदयू के संगठन को नई दिशा और गति देंगे। उन्होंने विश्वास जताया इन युवाओं की सहभागिता से पार्टी को संगठनात्मक स्तर पर मजबूती मिलेगी और सामाजिक कार्यों में सक्रियता बढ़ेगी। इस अवसर पर जदयू के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी में जदयू के महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू, जदयू युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज सिंह, मानगो थानाध्यक्ष लालू गौड़, महानगर सचिव दीपक गौड़, जिला मंत्री विनोद सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पाठक, जिला प्रवक्ता आकाश शाह सहित अन्य शामिल रहे। जदयू के सभी नेताओं ने नए सदस्यों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और उन्हें पार्टी की नीतियों एवं कार्यशैली से परिचित कराया।


### प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने फेसबुक पर लाइव आकर किया सुसाइड, पति गिरफ्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के ठेकाकर्मी सहदेव यादव की शादी 12 सालों पूर्व हुई थी। बावजूद वह अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर रहा था। उसकी प्रताड़ना से तंग आकर ही पत्नी मालती कुमारी (28) ने अपने कमरे में फेसबुक लाइव पर आकर सुसाइड कर लिया। इस बीच उसने अपने पति की कारस्तानियों को भी लोगों को बताया। साथ में पति सहदेव को दोषी भी ठहराया है। मामला थाने तक पहुंचते ही पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर कदमा थाना क्षेत्र के फॉर्म एरिया की है। घटना के समय मालती घर पर अकेली ही थी। पति काम से गया था और दोनों बच्चे स्कूल गये हुए थे। मालती का मायका गिरीडीह में है। ससुराल कोडरमा में है, लेकिन वह पति के साथ कदमा में अपने दोनों बच्चों के साथ रहती थी। मालती का भाई मनोहर कुमार ने वीडियो देखने के बाद कहा कि बहन का पति के साथ झगड़ा हुआ था। इसके बारे में मायका को नहीं बताया था। अगर मायका पक्ष को बताती तब उसे समझाकर ऐसा करने से रोका जा सकता था। मनोहर ने बताया कि वीडियो देखने के बाद पति सहदेव को पुलिस उठाकर थाने पर लेकर गयी है।

### रेल टेका-डहर छेका आंदोलन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमा

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा किए गये रेल टेका-डहर छेका आंदोलन के बाद रेलवे प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। आंदोलन में शामिल नेताओं और कार्यकताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिनमें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो, झारखंड आंदोलनकारी नेता सुनील महतो और अन्य शामिल हैं। आंदोलन का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति का दर्जा, कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना और सरना धर्म कोड की मांग करना था। हरे लाल महतो ने कहा कि कुड़मी समाज की मांग जायज है और वे अपने हक और अधिकार के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केस होगा, लाठी चलेगी, जेल भी जाना पड़ेगा, लेकिन वे तैयार हैं और अपने हक को लेकर रहेंगे।

### डीसी-एसपी ने दुर्गा पूजा में विधि-व्यवस्था बनाये रखने का दिया निर्देश



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के अवसर पर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश लूणायत ने प्रतिनियुक्त अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधि-व्यवस्था बनाए रखने और उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि सभी पूजा पंडाल समितियों को साफवाली, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। साथ ही प्रत्येक पंडाल में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए पृथक प्रवेश और निकास द्वार होंगे और आपात स्थिति के लिए वैकल्पिक निकास अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस बल की सर्वोच्च प्राथमिकता शांति-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा होगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूजा समितियों से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराएं और पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं।

## मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ ने दी अंतिम चेतावनी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर शनिवार को सीओ राकेश सहाय एवं थाना प्रभारी असफाक आलम ने लोगों को अंतिम चेतावनी दी। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को रविवार तक का समय दिया गया है। यदि लोग खुद अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो प्रशासन जेसीबी लगाकर कार्रवाई करेगा और सड़क पर मिला सामान जब्त कर लिया जाएगा। सीओ राकेश सहाय ने कहा कि पर्व-त्योहार के समय कांडी बाजार की मुख्य सड़क पर जाम लगना आम हो गया है। सड़क के दोनों ओर बेतरतीब खड़े वाहन, मनमाने ढंग से खड़े किए जा रहे ऑटो, बस चालकों द्वारा बीच बाजार में गाड़ी खड़ी कर सामान एवं यात्रियों को चढ़ाना-उतारना और दुकानों के सामने खड़ी बाइक ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। कहा कि इस अराजकता के कारण आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने साफ किया है कि यदि लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार मौजूद थे।

## प्रधानाध्यापक के समर्थन में उतरे विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** शंकर प्रताप उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद गुप्ता पर लगाए गए आरोपों को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास सिंह ने झूठा, बेबुनियाद और निराधार बताया है। कहा कि आदित्य प्रसाद गुप्ता सदैव अपने शैक्षणिक, सामाजिक एवं नैतिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करते रहे हैं, जिससे विद्यालय और छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यकीय कृत प्लस 2 उच्च विद्यालय कांडी की तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला की ओर से नौ मई 2024 को जारी पत्र में भी आदित्य प्रसाद गुप्ता पर किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है। इतना ही नहीं, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी सहित किसी भी शिक्षक ने भी उनकी उपस्थिति पर कभी कोई आपत्ति नहीं जताई है। विकास सिंह ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थवश विद्यालय के वातावरण को दूषित करने और छात्रों को गुटों में बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इसी साजिश के तहत गढ़वा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं कुछ कर्मचारी मिलकर विद्यालय के विकास और बच्चों के भविष्य को बाधित करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रधानाध्यापक को इस प्रकरण से शीघ्र अलग नहीं किया गया, तो विद्यालय प्रबंधन समिति और हरिहरपुर के ग्रामीण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय गढ़वा का घेराव करेंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ भव्य कन्या पूजन, सैकड़ों कन्याओं का हुआ शृंगार



**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र महोत्सव के अवसर पर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को भव्य कन्या पूजन का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत प्रभारी प्रधानाचार्य नीरज कुमार सिंह, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार एवं नीति कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा की आराधना से की। इस अवसर पर कक्षा द्वितीय की छात्रा काजल कुमारी ने मां दुर्गा का जीवंत रूप धारण कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्या नीति कुमारी एवं तन्वी जोशी ने भक्ति गीत गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। वहीं, कक्षा अरुण से प्रथम तक की सैकड़ों कन्याओं का श्रृंगार कर पूजन किया गया। आचार्य एवं दीदीजी ने सभी कन्याओं के पैर पखारे, उनका श्रृंगार किया और आरती उतारी। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने इन देवी स्वरूप कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बहनों ने देवी के नव रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रभारी प्रधानाचार्य नीरज कुमार सिंह ने कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहीं देवता वास करते हैं। कन्या पूजन से बच्चों में संस्कार और आत्मविश्वास का विकास होता है। आचार्या नीति कुमारी ने कहा कि कन्याओं का पूजन हमारी सनातन परंपरा का हिस्सा है। कुंवारी कन्याएं साक्षात योगिनी और सृष्टि की सृजनकर्ता हैं। इनके पूजन के बिना शक्ति की उपासना अधूरी मानी जाती है। इस मौके पर नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, सुजीत दुबे, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, अशोक कुमार, प्रसुन्न कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, सत्येंद्र प्रजापति, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी, हिमांशु झा, ऋषिकेश तिवारी, बिक्रम कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मेगा शिविर में 15 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत सीएचसी में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मुखिया राम सागर महतो, थाना प्रभारी विष्णु कांत, डॉ अनिल साह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा मानवीय दायित्व है। रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। इसलिए रक्तदान महादान माना जाता है। डॉ अनिल साह ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल दूसरों को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता से स्वयं भी स्वस्थ रहते हैं। नियमित रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे व्यक्ति ऊर्जावान महसूस करता है। वहीं, रक्तदान करने वालों में थाना प्रभारी विष्णु कांत, डॉ अनिल साह आदि शामिल थे। मौके पर डॉ राकेश रंजन, विजय कुमार, गोवर्धन शर्मा, मनोज जायसवाल, सहित्य कई स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

### एसडीएम ने कई निजी अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण, मिली गड़बड़ियां

# डॉक्टर जे अंसारी क्लीनिक को अगले आदेश तक के लिए करवाया गया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने शनिवार को चिरोंजिया एवं नवादा मोड़ क्षेत्र के चार अस्पतालों सेवा सदन, मेडिका हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, जीएन हॉस्पिटल और डॉजे अंसारी के क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। कुछ अस्पतालों में ओपीडी एवं आईपीडी रजिस्टर संधारित नहीं थे और मेडिकल वेस्ट निस्तारण की व्यवस्था नहीं थी। वहीं, प्रदर्शित डॉक्टरों की सूची भी संदिग्ध थी। दूसरी ओर, डॉ जे अंसारी के क्लीनिक के बोर्ड पर 'एमबीबीएस' लिखा पाया गया, जबकि स्थानीय लोगों ने बताया कि संबंधित चिकित्सक संभवतः एमबीबीएस नहीं हैं। बोर्ड पर जनरल फिजीशियन, हड्डी, एवं नस रोग विशेषज्ञ भी अंकित था। निरीक्षण के समय डॉ अंसारी मौजूद नहीं थे, लेकिन मुकेश कुमार नामक एक तकनीशियन दो मरीजों का इलाज करता मिला। जांच में स्पष्ट हुआ कि मुकेश



क्लीनिक की जांच करते एसडीएम संजय कुमार।

अभी किसी स्थानीय डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत है। क्लीनिक में ही स्थित मेडीकल स्टोर बड़ी मात्रा में इंजेक्शन, यूज्ड सिरिंज और अन्य चिकित्सकीय सामग्री भी मिली, जिनका कोई वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। क्लीनिक को सक्षम स्तर से जांच होने तक या अगले आदेश तक के लिए बंद करवा दिया गया। वहीं, जीएन हॉस्पिटल में डॉ जावेद मरीजों का इलाज करते पाये गये। पूछताछ में उन्होंने खुदि को होम्योपैथिक डॉक्टर बताया, जबकि अस्पताल में होम्योपैथिक उपचार पद्यति का कोई प्रमाण नहीं मिला। यहां एलोपैथिक दवाओं और उपचार का ही उपयोग किया जा रहा था। मेडिका हॉस्पिटल में 9 सितंबर 2025 के बाद एडमिशन रजिस्टर अपडेट नहीं मिला, जबकि मौके पर भी बड़ी संख्या में लोग इलाजरत थे। कई लोग ऑपरेशन की कतार में थे। बिना ओपीडी या आईपीडी या प्रवेश रजिस्टर में पंजीकृत किए ही ऑपरेशन किये जाने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं, गढ़वा सेवा सदन में भी जनवरी से एक अगस्त 2025 तक किसी प्रकार के रोगियों का कोई डाटा या रजिस्टर नहीं मिला। उपरोक्त में से किसी के पास नियमानुसार मेडिकल वेस्ट निस्तारण की व्यवस्था भी नहीं पाई गई। उधर, जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ज्यादातर अस्पतालों में बड़ी संख्या में गर्भाशय (बच्चेदानी) के ऑपरेशन और डिलीवरी केस के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इस विषय को संदिग्ध मानते हुए एसडीएम संजय कुमार ने जांच की बात कही। कहा कि गढ़वा में स्वास्थ्य सेवाओं को मानक के अनुरूप बनाने और किसी प्रकार के सिंडिकेट पर नकेल कसने के लिए इस प्रकार का सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बताया कि आज जिन चार अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया, उनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। एसडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि चाहे सरकारी हो या निजी, स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता, धोखाधड़ी अथवा जानबूझकर की गई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई तय है।

## 500 किलो जावा महुआ किया नष्ट, 20 लीटर शराब जब्त

**रंका (आजाद सिपाही)।** नवरात्र में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के निर्देश पर शराब माफियाओं के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया गया।इस दौरान 500 केजी जावा महुआ नष्ट करने के साथ ही 20 लीटर देशी शराब जब्त किया है। इस छापामारी अभियान में रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, एएसआई राजेश कुमार झा, एसआई कुंदन कुमार, अनील मुर्मू, राजेश वर्मा, भंडरिया थाना पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान एवं चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार आदि शामिल थे। सभी लगातार गांव-गांव जाकर छापामारी कर रहे हैं, ताकि त्योहार के माहौल में अवैध शराब बिक्री या सेवन करने वाले से अशांति न फैले। गौरतलब है कि त्योहारों के अवसर पर शराब के धंधे में वृद्धि देखी जाती है, लेकिन इस बार पुलिस के कड़े रुख के कारण कारोबारियों के मंसूबे पर पानी फिर गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि पर्व त्योहार आस्था का प्रतीक है। ऐसे अवसर पर पुलिस शांति, सुरक्षा और अनुशासन भंग बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय लोगों से भी मदद करने का अपील की है।

## विधायक से मिले सरकोनी गांव के बेघर परिवार के सदस्य



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत एवं गांव के अमस्था टोला निवासी रघुवीर प्रजापति के परिवार के सदस्यों ने शनिवार को विधायक नरेश प्रसाद सिंह से उनके मोरबे स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की और अपनी व्यथा सुनाते हुए मदद की गुहार लगायी। सिविल कोर्ट के आदेश पर 22 सितंबर को रघुवीर प्रजापति के दो घर (एक कच्चा और दूसरा पक्का) को स्थानीय प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया था। जिसके बाद 22 सदस्यीय परिवार सड़क पर आ गया। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने इस परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। साथ ही कार्रवाई करते हुए बीडीओ सह कांडी सीओ को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द जमीन चिन्हित कर इस भूमिहीन परिवार को बंदोबस्ती कर जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद अंबेदकर आवास योजना के तहत उन्हें आवास का लाभ भी दिलाया जाए। क्योंकि उक्त परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब है। अतः मुफ्त राशन भी उपलब्ध कराया जाए। विधायक के इस त्वरित उठाए गए कदम ना सिर्फ एक परिवार को फिर से बसाने की दिशा में है बल्कि एक संवेदनशील व जवाबदेह नेतृत्व का मिसाल भी है।

## पानी रोकने को लेकर विवाद, दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग गंभीर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव में सड़क पर पानी रोकने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। उन्हें स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक सूर्यकांत कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में एक पक्ष से पीर मोहमद अंसारी और दूसरे पक्ष से हकीमुद्दीन अंसारी शामिल हैं। बताया जा रहा कि हकीमुद्दीन अंसारी ने घर के पास सड़क के बीचोबीच मिट्टी से पानी रोक दिए जाने से सड़क पर जलजमाव हो गया था। गांव के ही पीर मोहमद अंसारी ने उसे हटाने को कहा था, तो दोनों के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। इस बाबत हकीमुद्दीन अंसारी ने भवनाथपुर थाना में लिखित शिकायत की थी। जब दूसरा पक्ष पीर मोहमद भी शिकायत को जा रहा था, तो हकीमुद्दीन अंसारी, उसकी पत्नी जुमा खातून, बेटी रबीना खातून, बेटा कुदुस अंसारी और सुतु अंसारी ने गाली गलौज करते हुए पीर मोहम्मद को पीटकर कर घायल कर दिया।

# ग्राहकों को घटी जीएसटी दर पर सामान नहीं बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई : सांसद

### गढ़वा परिसदन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू के भाजपा सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि ग्राहकों को घटे जीएसटी दर पर सामान उपलब्ध नहीं कराने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। कंपनियां जीएसटी रिफोर्म के बाद व्यवसायियों को जब दर में राहत दे रही है तो आखिर क्यों दुकानदार ग्राहकों को घटे दर पर सामान नहीं देंगे। केंद्र सरकार ने जीएसटी दर में कटौती कर आम नागिरकों को बड़ी राहत दी है। वे शनिवार को गढ़वा परिसदन भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बोल रहे थे।कहा कि जीएसटी दर में कटौती का समाज के हर वर्ग को राहत मिल रहा है। आम जरूरत के सामान, किसानों से संबंधित सामान एव उपकरण,



बीमा पॉलिसी आदि में बड़ी राहत दी गई है। कई सामानों पर तो जीएसटी दर शून्य कर दी गई है। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार करदाताओं पर बोझ कम कर रही है। विगत दिनों में करदाताओं की संख्या बढ़ी है, जबकि टैक्स वसूली में बढ़ोत्तरी हुई। यह सरकार की कुशल नीति का परिणाम है। वर्ष 2017 में जहां 65 लाख करदाता थे वहीं, 2025 में यह संख्या बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। पूर्व में जहां 7.19 करोड़ रुपये का राजस्व आता था, वर्तमान में 22.08 करोड़ रुपए राजस्व आ रहा है। सरकार को अधिक टैक्स मिलने लगा है तो आधार भूत संरचनाओं के विकास में काम आ रहा है। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, रघुराज पांडेय, सूरज गुप्ता, भोला चंद्रवंशी, प्रमोद चौबे और अंजनी तिवारी आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता को दैनिक आचरण में अपनाने की जरूरत : निदेशक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट (10 प्लस 2) स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि स्वच्छता एक सेवा है। मेरा मानना है कि स्वच्छ तन, स्वच्छ मन और स्वच्छ चारित्र हमारे जीवन को सर्वत्र व्यापक बनाता है। स्वच्छता को सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों से इस तरह की आदत को बढ़ावा देना चाहिए। दूसरी ओर, स्वच्छता में सबसे ज्यादा बाधक प्लास्टिक का उपयोग है, जो मानव जीवन में लगातार जहर खोल रहा है। शुरूआती के दौर में प्लास्टिक वरदान साबित हो रहा था, लेकिन वर्तमान में यह पर्यावरण, पशु, मानव आदि के जीवन के लिए अत्यंत घातक हो रहा है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर बच्चों के बीच स्वच्छता शपथ, चित्रकला, स्वच्छता स्लोगन, कचरे के निपटान के लिए डस्टबिन का निर्माण, स्वच्छता पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, मुकेश भारती, दिनेश कुमार, नीरा शर्मा,सरिता दुबे, नीलम कुमारी,सुनीता कुमारी,शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी,चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, कृष्ण कुमार, ऋषभ सिन्हा, संतोष प्रसाद एवं खुर्शीद आलम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## नदी में गिरने से युवती की मौत

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव में शनिवार सुबह नदी में गिरने से 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई। उसकी पहचान बरडीहा गांव निवासी आरती कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, आरती सुबह छह बजे शौच के लिए घर के पास स्थित मुर्दा घटिया नदी गई थी। इसी दौरान वह पानी में गिर गयी। कुछ समय बाद एक अन्य बच्चा शौच के लिए गया तो उसने नदी में लड़की के शव को देखा। सूचना पर परिजन पहुंचे तो शव की पहचान आरती के रूप में की। इसकी सूचना मिलते ही बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह के निर्देश पर एएसआई छठनाथ राम घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि नदी में मात्र तीन फीट तक पानी होता है और उसमें डूबना मुश्किल है। वहीं, परिजन एवं ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि युवती को 'फरका' (मिर्गी) की बीमारी थी। संभवतः दौरा पड़ने के कारण वह मुंह के बल पानी में गिर पड़ी, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

## हृदय जॉच सह जागरूकता शिविर 29 को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** काली स्थान के बगल में स्थित प्रभात मेडिकल सेंटर की ओर से 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस पर हृदय जॉच सह जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में हृदय संबंधी सभी प्रकार के जांच निःशुल्क होगा। शिविर सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। इसकी जानकारी प्रभात मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर डॉ प्रभात कुमार ने दी।

**Office of the Deputy Commissioner,Chatra, Jharkhand**
**Recruitment Notice for Consultants and Medical Officers**
**Under District Mineral Foundation Trust(DMFT)**

Memo No.:XXVII-DMFT/65/2022 /488 Dated-26.09.2025

With reference to Memo No. 402 dated 14.08.2025 **'Recruitment Notice for Consultants, Medical Officers and Paramedics'** was published by this office. Due to unavoidable reasons, recruitment for the post of Medical Officers and Consultants has been cancelled vide Memo No. 484 Dated 26.09.2025.
District Mineral Foundation Trust intends to recruit clinical professionals on a contractual basis in Chatra district. Applications are invited from suitable candidates for rendering services for the position as detailed and described below:
**VacancyTable:**

| Sl. No. | Description of Posts | Total Posts | Essential Qualification | Category | | Monthly Consolidated Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Medical Officer | 11 | MBBS | Gen | 5 | 75000 |
| | | | | SC | 2 | |
| | | | | ST | 1 | |
| | | | | BC-I | 2 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 1 | |
| 2 | Gynecologist | 2 | MBBS + MD/MS/DNB in Obstetrics & Gynecology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 3 | General Medicine | 2 | MBBS + MD/DNB in General Medicine | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 4 | ENT Surgeon | 2 | MBBS + MS/DNB in ENT | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 5 | Ophthalmology | 2 | MBBS + MS/DNB in Ophthalmology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 6 | Dermatologist | 2 | MBBS + MD/DNB in Dermatology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 7 | General Surgeon | 2 | MBBS + MS/DNB in General Surgery | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 8 | Anesthesiologist | 2 | MBBS + MD/DNB/Diploma in Anesthesia | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 9 | Pediatrician | 2 | MBBS + MD/DNB/Diploma in Pediatrics | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 10 | Orthopedic | 2 | MBBS + MS/DNB in Orthopedic | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 11 | Radiologist | 1 | MBBS + MD/DNB/Diploma in Radiology | Gen | 1 | 200000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 0 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |
| 12 | Sonologist | 2 | MBBS + Certification/PG Diploma in Ultrasonography (as per PCPNDT Act) | Gen | 1 | 150000 |
| | | | | SC | 0 | |
| | | | | ST | 0 | |
| | | | | BC-I | 1 | |
| | | | | BC-II | 0 | |
| | | | | EWS | 0 | |

Candidates are requested go through carefully about the details of posts and instruction published above for applying as well as on the **website https://chatra.nic.in.**

| Sl. No. | Details | Date |
|---|---|---|
| 1 | Publication of Advertisement in Newspaper | 29.09.2025 |
| 2 | Last Date of Application Submission through Required Post | 11.10.2025, till 05:00 PM |

PR 363125 (District) 25-26 (D)

**Deputy Commissioner-cum-Chairperson, DMFT Chatra**

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 28 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# लातेहार में अपराध की योजना बना रहे छह आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। लातेहार पुलिस ने एक बार फिर संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता पायी है। पुलिस ने एक लोडेड देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ अपराध की योजना बना रहे छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी दी गयी। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातु थाना के मनातु रेलवे स्टेशन स्थित जंगल में करीब सात की संख्या में अपराधकर्मी किसी नये घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हैं। जिसके बाद इन्हें पकड़ने के लिए बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया और छापेमारी टीम ने घेराबंदी कर रुपेश कुमार (19), सुरेन्द्र कुमार (19), बिनोद कुमार गंझू (19), बादल गंझू (19), सुनील कुमार यादव (20) और राजगीर गंझू (30), सभी चतरा जिले के रहने वाले हैं को पकड़ा गया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इनके पास से एक लोडेड 7.62 देशी पिस्टल, 7.62 एमएम का 5 अदद् जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा, चार मोबाईल फोन 28,500 रुपये बरामद हुए। आगे एसपी ने बताया कि अपराधियों से अग्नेयास्त्रों एवं मोबाइल के संबंध में पूछने पर बताया कि चार मोबाइल फोन में से तीन मोबाइल फोन पिछले दिनों भाटचतरा बारियातु के मजदूरों के साथ हुई छिनतई का है, जबकि बरामद 28,500 रुपये लेवी का पैसा है, जिसे आदेश गंझू के कहने पर हमलोग ने टंडवा थाना शिवपुर के एक ठेकेदार से वसूल कर लाये है। इनलोगों ने यह भी बताया गया, कि इससे पूर्व भी आदेश गंझू के कहने पर भाटचतरा, बारियातु में केईसी कंपनी के मजदूरों के साथ ये सभी लोग मारपीट, छीनतई एवं फायरिंग की घटना को अंजाम दिये थे जिसमें इनके अलावे आदेश गंझू, संजय गंझू और गणेश गंझू भी शामिल थे। इस संबंध में बारियातु थाना कांड संख्या-36/25 दर्ज है।

छापामारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ विनोद कुमार रवानी, परमानंद बिरुआ, बालूमाथ अंचल, बारियातु थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान, अमरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, अनुभव सिन्हा, होसेन डांग, छोटु पण्डा, गिथलेश कुमार सिंह, सुरेश सिंह, कमलाकांत हजाम, राहुल कुमार दुबे, तकनीकी शाखा, लातेहार, बारियातु थाना के सशस्त्र बल के जवान व मनातु पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल

कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शनिवार की शाम एनएच-75 स्थित बरवाटोली चौक पर एक मारुति इग्निस कार संख्या जेएच 07 जी -8789 और बाइक की टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों को कुडू सीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल दो को लोहरदगा रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान खलारी थाना क्षेत्र के चोरा चामा निवासी अंकित उरांव (17) और उसका भाई विकास उरांव (18), पिता प्रयाग उरांव तथा नदी नगड़ा निवासी संजय उरांव (18) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक बीजू पड़ा से बाइक पर लौट रहे थे। इसी दौरान बरवाटोली चौक के पास डिवाइडर से मोड़ ले रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# गारू में महिला की धारदार हथियार से हत्या

महिला की पहचान विधायक प्रतिनिधि, गारू मनोज यादव की पत्नी रिंकी देवी (45) के रूप में हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



गारू। गारू प्रखंड के बारेसांढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवाकोना जंगल में झाड़ियां से महिला का शव बरामद किया गया। महिला की पहचान विधायक प्रतिनिधि, गारु मनोज यादव की पत्नी रिंकी देवी (45) के रूप में की गयी। मृतका के गाल, सर के ऊपर बायी ओर एवं ललाट पर धारदार हथियार से मारने के निशान थे। अत्यधिक रक्तश्राव के कारण महिला की मृत्यु हुई प्रतीत होती है। जानकारी के अनुसार महिला शुक्रवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे जंगल की ओर दतवन लेने गई हुई थी। देर शाम जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को अनहोनी होने की आशंका हुई। ग्रामीणों के साथ परिजन रात को ही ढूंढना शुरू कर दिए, सुबह तक महिला का कोई अता पता नहीं चला जिसके बाद ड्रोन कैमरा की मदद से महिला के शव को देखा। मामले की सूचना पर डीएसपी शिवपुजन बहेलिया, बारेसाढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, विजय कुमार महतो, महिला थाना प्रभारी महुआडांड सुशीला केशरी, अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहां पर शव की शिनाख्त कर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया। पुलिस गहनता से हत्या की जांच में जुट गयी है। शव के पास ही झाड़ियां में छुपाया हुआ कुल्हाड़ी भी बरामद किया गया है। डॉग स्क्वायड टीम को बुलाकर मामले की छानबीन की जा रही है। इस विषय पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास ने कहा कि प्रथम दृष्टया से मामला हत्या का लग रहा है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा, जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जायेगा। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों की अनुसार इस तरह का विभत्स हत्या उन्होंने कभी नहीं देखा था। ग्रामीण जल्द से जल्द हत्यारे को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले धीरज प्रसाद साहू, संगठन की मजबूती पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मुलाकात की। इस दौरान धीरज प्रसाद साहू ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके अलावा यह दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक झारखंड के परिदृश्य और गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें झारखंड में कांग्रेसी मंत्री और नेताओं के कामकाज, संगठन की मजबूती, आगामी योजनाओं, राज्य के सर्वांगीण विकास और वरिष्ठ नेताओं के दायित्व को लेकर काफी देर तक बात हुई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से कहा कि वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। कांग्रेस की मजबूती और पार्टी के सिद्धांतों को लेकर उन पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह लगातार उनसे मिलते रहें और वहां की स्थिति से उन्हें अवगत कराते रहें। संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर संगठन को प्रभावी बनाने को लेकर भी वह कम करें। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के मंत्री और नेता के कामकाज को लेकर उन्हें रिपोर्ट मिलती है। वह इसकी समीक्षा भी कर रहे हैं। धीरज प्रसाद साहू झारखंड कांग्रेस के एक वरिष्ठ और कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं। संगठन को लेकर उन पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि वह संगठन को प्रभावी बनाने को लेकर लगातार काम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। लोगों से फीडबैक भी ले रहे हैं। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर भी वह प्रयासरत हैं। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत और चर्चा हुई है। साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को फिर से मिलने के लिए बुलाया है।

# स्वच्छता को अपनी जीवनशैली में करें शामिल : सुखदेव भगत

स्वच्छता सिर्फ भौतिक नहीं बल्कि मन की भी हो : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शिक्षा विभाग लोहरदगा की ओर से जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय हिंदू लोहरदगा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सुखदेव भगत, सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र और उपायुक्त डॉ ताराचंद शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि मन में स्वच्छता हमेशा रहनी चाहिए। साफ-सफाई की आदत एक दिन के लिए नहीं बल्कि जीवन भर के लिए अपनायी जानी चाहिए। आप सभी आज की स्वच्छता शपथ में कही गई बातों को आत्मसात करें। प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग अपने दिनचर्या में करें। जो पर्यावरण में विलीन हो जाये वैसी चीजों का प्रयोग करें। डस्टबीन में कचरा डालें। इधर-उधर कचरा नहीं डालें। मन दूषित नहीं होना चाहिए तो सभी चीजें ठीक होंगीं। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि कण-कण में भगवान होते हैं इसलिए हमें सभी स्थानों को साफ-सुथरा रखना चाहिए। हम हमेशा प्रकृति के करीब रहे हैं और हमेशा हम सब ने साफ-सफाई का ध्यान रखा है। रहन-सहन और साफ-सफाई के दृष्टिकोण से हमारा झारखण्ड बेहद समृद्ध और सुदृढ़ रहा है। स्वच्छता के लिए हमारे राज्य को पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। हम प्रत्येक दिन हमारे आसपास के क्षेत्र को साफ रखें। स्वच्छता सिर्फ अपने तन की नहीं या आसपास की नहीं बल्कि मन की भी स्वच्छता का ध्यान हमें रखना है। स्वच्छता के साथ हमारे जीवन में एक बड़ा बदलाव आ सकता है। साफ-सफाई कार्यक्रम में सांसद, उपायुक्त, आलोक साहू, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, सहायक शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी एमलेन सुरीन, प्राधानाध्यापक निच्छल मिंज, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# लोहरदगा में ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिले में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को सूचना मिली थी कि शहरी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में कुछ लोग अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इसी कड़ी में 26 सितंबर की शाम सूचना प्राप्त हुई कि बीएस कॉलेज मोड़ के निकट मादक पदार्थों की बिक्री होने वाली है। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। रात करीब 9:30 बजे छापामारी दल ने बीएस कॉलेज मोड़ पर धावा बोला। इस दौरान पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा, जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान जितन गोस्वामी उर्फ सेठी (26 वर्ष), निवासी-पुराना शुक बाजार पार्क, थाना और जिला लोहरदगा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 11 पुड़िया ब्राउन शुगर (कुल वजन लगभग 2.50 ग्राम) तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों और सप्लाई चैन से संबंधित प्रारंभिक जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि अनुसंधान के आधार पर निकट भविष्य में और गिरफ्तारियां और बरामदगी संभव है। छापामारी दल में एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, पुअनि मो शारिक खां, रमेश कुमार सिंह, संजय कुमार, गैलेन रजवार, किशोर कुमार दास, नीरज कुमार मिश्र, स्वर्ण साहू, जयमंगल सिंह, कौशल कुमार यादव, ललित उरांव, निर्मल मार्शल मिंज, मुकेश कुमार शर्मा, सत्य किशोर कुमार शामिल थे।

## सरयू प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ने किया पौधरोपण



सरयू (आजाद सिपाही)। लातेहार नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आशा साहु ने शनिवार को निर्माणाधीन प्रखंड कार्यालय के प्रांगण एवं घासीटोला पंचायत के पतरातू में 'पौधा रोपो अभियान' के तहत एक एकड़ में लगे आम बागवानी में पौधा रोपन किया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टुबर तक 'पौधा रोपो अभियान' चलायी जा रही है। जिसके तहत देश भर में बड़ी संख्या में पौधे लगाये जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग इस अभियान के तहत एक पेड़ अपने मां के नाम जरूर लगाये। जिससे आने वाले समय में प्रदूषण को कम किया जा सके। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पहल ही नहीं, बल्कि मातृसम्मान का एक अनोखा उदाहरण भी है। साथ ही बीडीओ ने निर्माणाधीन प्रखंड कार्यलय का निरीक्षण कर जायजा लिया। वहीं बीपीओ बिजय पासवान ने कहा कि आज के समय में बढ़ते हुए प्रदुषण को देखते हुए हरेक नागरिकों को पेड़ लगानी चाहिए। जिससे बढ़ रहे ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना (मनरेगा) के तहत प्रखण्ड क्षेत्र के कई स्थानों में आम बागवानी लगाया है, जिससे आने वाले समय में लाभुकों को फायदा तो होगा ही साथ में प्रदुषण भी कम होगा। इस मौके पर रोजगार सेवक धनदेव सिंह, लालमुनी तिवारी, विशाल कुमार, जेइ अभिषेक कुमार अंबेडकर, गोल्डेन अंसारी, आम बागवानी लाभुक कार्तिक उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर लातेहार प्रशासन ने रूट चार्ट किया जारी

आजाद सिपाही संवाददाता




लातेहार। लातेहार डालटेनगंज की तरफ से आने वाली वाहन नो एंट्री के समय भारी वाहन भारूका पेट्रोल पंप के पास रुक जायेगी, छोटी वाहन माको मोड़ से होते हुए गांधी, कॉलेज होते हुए चटनाही ही चौक बाइपास होते हुए धर्मपुर चौक से चंदवा की ओर जायेगी।

चंदवा की ओर से आने वाली वाहन नो एंट्री के समय भारी वाहन सीआरपीएफ कैंप के पास रुकेगी एवं छोटी वाहन समाहरणालय मुख्य द्वार से होते हुए स्टेडियम के पीछे वाले रास्ते से बायपास रोड से होते हुए चाटनाही चौक थाना चौक होते हुए मनिका की ओर जायेगी।

थाना चौक से धर्मपुर चौक तक चार पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन एवं अन्य वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मुरूप की तरफ से आने वाली वाहन होटल कार्निवाल्स के पास से बाजार टांड रोड से निकलेगी। जुबली चौक अमवाटिकर मोड एवं अंबाकोठी रोड से चार पहिया वाहन तीन पहिया वाहन एवं अन्य वाहन का शहर में प्रवेश पर पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। चंदवा की ओर से आने वाली यात्री बस और इमरजेंसी वाहन समाहरणालय मुख्य द्वार धर्मपुर चौक होते हुए बायपास रोड से आगे बढ़ेंगे, नो एंट्री के समय महुआडांड़,सरयू के तरफ से आने वाली वाहन रेलवे क्रॉसिंग के उस पार रुकेंगे। अनुमंडल परिसर एवं कचहरी परिसर में दोपहिया एवं तीन पहिया वाहन का पार्किंग रहेगा एवं बस स्टैंड में दो पहिया एवं तीन पहिया वाहन का पार्किंग रहेगा।

## एसडीपीओ ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति दुर्गा बाड़ी, मां अंबे दुर्गा पूजा समिति ब्लॉक मोड़, जय माता दी पूजा समिति नीचे स्टैंड, मां भवानी देवी मंडप, मां शक्ति पूजा समिति बस स्टैंड और टाटी स्थित शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति सहित कई पूजा पंडालों का जायजा लिया। उनके साथ कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीपीओ ने पूजा समितियों के अध्यक्षों और सदस्यों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, अग्निशमन और भीड़ नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने समितियों को पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था और आपातकालीन निकासी मार्ग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

## श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ से भक्तिमय हो रहा वातावरण

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। ठाकुरबाड़ी मंदिर गुदरी बाजार मे इन दिनों हर दिन श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ चल रहा है। सुबह से ही बाहर से आये व्यास इंद्र शंकर झा अपने ब्राह्मण सहयोगियों के साथ पूरी विधि विधान एवं मंत्रों उच्चारण से नवाह्नयण परायण पाठ कर रहे हैं, सुबह से ही भक्तों का मंदिर परिसर में पूजा अर्चना एवं फेरी देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ रहता है। वही संध्या 7 बजे से राम कथा वृंदावन से आयी प्रसिद्ध कथावाचक साध्वी श्री कुमारी शिवांजलि किशोरी, नेपाल, बरसाना आदि जगहों से आये अपने सहयोगियों के साथ अपने मधुर भजनों से रामचरितमानस कथा का प्रवचन कर रही है। प्रवचन में साध्वी ने रामलला अपने भरत, शत्रुघ्न और लक्ष्मण भाइयों के साथ कुलगुरु महर्षि वशिष्ठ से अपने आधारभूत शिक्षा प्राप्त करने उनके गुरुकुल गये संबंध प्रसंग का विस्तृत कथा एवं भजनों के माध्यम से वर्णन की। उनके मधुर वचन एवं भजनों से उपस्थित सभी श्रोतागण मगध मुग्ध हो कर झूम उठे। इनके कथा वाचन से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा। साध्वी शिवांजलि किशोरी को उपेंद्र कुशवाहा पत्नी नवनीत कुशवाहा संग एवं संतोष महतो पत्नी जूशी देवी के साथ अंग वस्त्र और साफा पहना कर सम्मानित किये। लड्डू गोपाल जी का आरती अभय अग्रवाल सह पत्नी के साथ किये। भजनों पर सभी ने खुब झूमे-नाचे, राम कथा सुनाने हेतु पूरा पंडाल परिसर महिलाएं-पुरुष एवं बच्चों से भरा हुआ था।

# विद्यालय प्रमाणीकरण में सफल विद्यालयों को डीसी ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। विद्यालय प्रमाणीकरण में लोहरदगा जिला की ओर से निबंधन कराने वाले 19 सरकारी विद्यालयों में से सभी 19 विद्यालय सफल हुए हैं। इनमें दो विद्यालयों को गोल्ड, 16 विद्यालयों को सिल्वर और 1 विद्यालय को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। शनिवार को सभी 19 विद्यालयों को उपायुक्त डॉ ताराचंद की ओर से समाहरणालय सभाकक्ष में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबंधित विद्यालयों के प्राधानाध्यापकों या उनके प्रतिनिधि शिक्षक/शिक्षिकाओं ने यह सम्मान प्राप्त किया। उपायुक्त द्वारा उन्हें शॉल ओढ़ाकर, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले छात्र-छात्राओं के तराश कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें बेहतर बनाना आप सभी शिक्षक-शिक्षकों का कार्य है। सरकार ने आप शिक्षकों का चयन एक प्रतिष्ठित परीक्षा के माध्यम से किया है जिसके बाद आप सभी का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बच्चों को पढ़ाना और उनका सर्वांगीण विकास करना है। जो भी कमियां हैं उन्हें दूर कर आप सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पढ़ाएं। विद्यालय प्रमाणीकरण में जो विद्यालय सफल हुए हैं वे इस उपलब्धि को बनाये रखें और अन्य विद्यालयों के लिए मिसाल प्रस्तुत करें। सरकारी विद्यालयों में अभावग्रस्त क्षेत्र में छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं इसलिए उन पर विशेष ध्यान देने व मेहनत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, एडीपीओ मोनादीपा बनर्जी, सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एमलेन सुरीन समेत सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### सम्मानित होने वाले विद्यालय

गोल्ड मेडल प्राप्त करनेवाले विद्यालयों में पीएमश्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाड़ीपाड़ा और पीएमश्री उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय जिंगी शामिल हैं। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करनेवाले विद्यालयों में पीएमश्री उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय कुजरा, केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा, राजकीयकृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा, राजकीयकृत मध्य विद्यालय किस्को, केजीबीवी किस्को, केजीबीवी सेन्हा, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय चितरी डांड़ू, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च बिटपी, राजकीयकृत मध्य विद्यालय चट्टी, गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय माराडीह, डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय कैरो, उत्क्रमित राजकीयकृत मध्य विद्यालय बिढ़नी और राजकीयकृत मध्य विद्यालय मक्का शामिल है। एक मात्र कास्य पदक विजेता विद्यालय में राजकीयकृत मध्य विद्यालय अरू शामिल है।

# चंदवा-लोहरदगा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सेरेंगदाग माइंस का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ओनर एसोसिएशन के संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा शनिवार को सेरंगदाग माइंस का दौरा किया गया। ज्ञात हो कि पिछले तीन दिनों से ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न मांगों के समर्थन में सभी प्रकार के कार्यों को माइंस में बाधित करते हुए आंदोलन कर रहे थे। ग्रामीणों के द्वारा ईटकीरी से लेकर माइंस तक जर्जर सड़क की मरमती को लेकर माइंस मैनेजर के केबिन में, कांटा घर में ताला मार दिया गया था, एवं माइंस में रेजीग कार्य को रोक दिया गया था जिसके कारण ट्रांसपोटिंग कार्य भी बाधित थी। संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा ग्रामीण, कंपनी के पदाधिकारीयो एवं लोकल पुलिस प्रशासन के बीच मध्यस्थता करते हुए जो भी मुद्दे थे उनका शांतिपूर्वक हल निकालते हुए आंदोलन को समाप्त कराया गया। तत्काल संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा जर्जर सड़क में मोरम डलवा कर मरामती कार्य आरंभ करवाया गया, कार्यालय कछ में लगे ताले को खुलवाया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों की और जो भी मांग थी उसमें सहानुभूति पूर्वक विचार कर उन मांगों को प्राथमिकता अनुसार पूरा करने का भरोसा दिया गया। उनकी समस्याओं को भी सुलझाने का प्रयास संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया, संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा हिंडालको कंपनी के वरिये पदाधिकारीयो से टेलिफोनिक बात की गयी और इन गाड़ियों को सेरंगदाग में समायोजित करने का आग्रह किया गया पदाधिकारीयो के द्वारा यकीन दिलाया गया की बहुत जल्द इन सभी गाड़ियों को सेरंगदाग माइंस में समायोजित कर दिया जायेगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक

# स्कूलों के वातावरण में सुधार करें: डीसी

**उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार, को शिक्षा विभाग से संबंधित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उपायुक्त ने समग्र शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, नामांकन, पोशाक वितरण, डिजिटल शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, स्मार्ट क्लास व आईसीटी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और स्कूलों की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। उपायुक्त ने कहा कि स्कूलों में साफ-सफाई, बच्चों की ड्रेस, उपस्थिति और मिड-डे मील की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाये। बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और ड्रॉप आउट दर कम करने के लिए ठोस कदम उठाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही, समय-समय पर मिड-डे मील की जांच करने तथा खाद्यान्न की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर, बीआरसी भवन, पौधारोपण, पुस्तक वितरण, खेलकूद, पुस्तकालय और पोषण वाटिका (किचन गार्डन) की स्थिति की समीक्षा भी की गयी। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व विभिन्न प्रखंडों के बीओ उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में दिये कड़े निर्देश

**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग से जुड़े कार्यों एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अग्रिम खाद्यान्न माह जून, जुलाई एवं अगस्त के प्राप्त खाद्यान्न का शत-प्रतिशत उठाव एवं वितरण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि 12 माह से अधिक समय से खाद्यान्न उठाव नहीं करने वाले कार्डधारियों को ग्राम सभा कर चिन्हित करते हुए उनका नाम विलोपित किया जाये, ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके। वहीं, डीएसडी (डोर स्टेप डिलीवरी) की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सभी एजीएम व एमओ को आपसी समन्वय से समय पर खाद्यान्न वितरण कराने का निर्देश दिया।

## चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर बैठक

**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को चौकीदार नियुक्ति संबंधी बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त जिले में शेष बचे 63 पदों पर चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर किये जाने वाले विभिन्न कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी ओम प्रियदर्शी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मी आदि उपस्थित थे।

# विश्रामपुर सीओ ने ट्रेंच खोद अवैध रूप से स्थापित रेहला कोयल नदी बालू घाट रास्ते को किया अवरुद्ध

**अवैध रूप से खनन और परिवहन पर रोक लगाने को लेकर उठाया गया कदम**

**10 जून से 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा एनजीटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने को लेकर रास्ते पर गड्ढा बनाता जेसीबी।

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र स्थित कोयल नदी से बालू के अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने को लेकर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की ओर से एक अनोखी पहल की गयी। नदी से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोद अवैध रूप से खनन व परिवहन किये जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध किया जा रहा है। विश्रामपुर अंचल क्षेत्र में वैध बालू घाट कहीं भी नहीं होने के बावजूद चोरी छिपे बालू का अवैध खनन व परिवहन किया जाता था। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी शिकायत विश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से किया जा रहा था। इस पर रोक लगाने को ले थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए स्वयं भी रातों में भ्रमण करते देखे जाते हैं। बावजूद कारोबारी इससे बाज नहीं आ रहे थे। इसे गंभीरता से लेते हुए अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के द्वारा पुलिस की मौजूदगी में रेहला रेलवे कॉलोनी के निकट से कोयल नदी घाट पहुंच जेसीबी मशीन लगाकर नदी घाट से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर आवागमन को अवरुद्ध कर दिया।

अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि बालू के अवैध खनन परिवहन पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है। कहीं से अगर खनन और परिवहन की सूचना मिलती है तो कार्रवाई की जायेगी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल जोन बेंदी के द्वारा पारित आदेश और नयी दिल्ली पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आलोक में सतत बालू खनन प्रबंधन दिशा निर्देश का अनुपालन करते हुए सभी नदी बालू घाटों से बालू उठाव पर पुर्णतः रोक लगा दी गयी है। यह आदेश 10 जून से 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा। बावजूद एनजीटी को धत्ता बताते हुए लगातार प्रत्येक रात्रि ट्रेक्टर द्वारा नदियों से बालू की अवैध ढुलायी हो रही है।

# नाबालिग दलित लड़की से दुष्कर्म के खिलाफ विधायक ने निकाला कैंडल मार्च

## बलात्कारी साजिद रजा को फांसी दो : डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी / पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के नाबालिग युवती से दुष्कर्म मामले को लेकर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा पांकी कर्पूरी चौक से भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हाथ में तख्ती लिये हुए बलात्कारी साजिद रजा को फांसी दो, दलित बेटी को न्याय दो, मुंशी सुदामा राम को बर्खास्त करो आदि नारे लगा रहे थे। इस दौरान लोगों ने पीड़िता को न्याय दिलाने तथा आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। गौरतलब है की फूलवरिया चांपी गांव में पर्दे पर चलाये जा रहे धारावाहिक रामायण देखकर पास के गांव स्थित अपने घर लौटने के क्रम में दलित युवती को आरोपी साजिद रजा उर्फ सोनू ने इसी बीच दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा। प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजनें की जगह थाना के मुंशी सुदामा राम के द्वारा पीड़िता को डराया धमकाया जा रहा था। विधायक डा शशिभूषण मेहता ने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि आरोपी को कठोर से कठोर दंड दिया जाये, ताकि ऐसा घृणित कृत्य करनेवाले दोषियों को इस प्रकार की घृणित घटना को करने से पहले सोचना पड़े। कैंडल मार्च में जिला प्रतिनिधि प्रकश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, सुनील कुशवाहा, मिंटी वर्मा, मंजू लता दूबे, रीमा शर्मा, रोशन सिंह, ललित मेहता, भाजपा युवा नेता, अजय प्रसाद गुप्ता, संतोष भुइयां, संजय भुइयां, श्यामनंदन ओझा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवरात्र पर बाबा बैद्यनाथ धाम में निभायी जा रही सदियों पुरानी परंपरा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** शक्ति और भक्ति की नगरी बाबा बैद्यनाथ धाम में नवरात्र का पर्व आस्था और परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक रंगत गहराने लगी है। श्रद्धालु जहां मां भगवती की आराधना में लीन हैं, वहीं बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद भी प्राप्त कर रहे हैं। नवरात्र की पंचमी से लेकर दशमी तक सरदार पंडा परिवार की ओर से विशेष कन्या-बटुक भोजन का आयोजन किया जाता है। इस अनुष्ठान में कन्याओं को मां भगवती का स्वरूप मानकर भोजन कराया जाता है, वहीं छोटे बटुकों को बाबा भोलेनाथ का रूप मानकर पूजित किया जाता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक विश्वास से जुड़ी है बल्कि समाज में सम्मान, संस्कार और श्रद्धा की गहरी छाप छोड़ती है।

# दुनिया के लिए रोल मॉडल बना भारत बाल विवाह की दर में 69% की गिरावट

**झारखंड के देवघर जिला में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन ने पिछले तीन वर्षों में जिले में अनेक बाल विवाह रुकवाये हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** मधुपुर भारत में बाल विवाह की दर में बेतहाशा गिरावट दर्ज की गयी है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवाड्र्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि लड़कों में इस दर में 72 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए हैं। झारखंड के देवघर जिला में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन आश्रय ने जिला प्रशासन, पंचायतों और सामुदायिक सदस्यों के साथ बेहद करीबी समन्वय से काम करते हुए पिछले तीन वर्षों में जिले में अनेक बाल विवाह रुकवाये हैं। इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने तैयार किया है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। यह बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहा है।

बाल विवाह के खात्मे के लिए भारतीय मॉडल में विश्वास जताते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रविकांत ने कहा, 'सर्वे के निष्कर्ष हम लोगों को प्रेरित करने वाले हैं। ये निष्कर्ष बताते हैं कि रोकथाम, सुरक्षा व अभियोजन का हमारा मॉडल लोगों में कानून का भय पैदा करने में सफल हुआ है और हम पूरे देश में इसके फायदे देख रहे हैं।'

## शिक्षा, जागरूकता और कानूनी हस्तक्षेप ही बाल विवाह के खात्मे के लिए सबसे कारगर औजार हैं : दीपा

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवाड्र्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के नतीजों से उत्साहित आश्रय के सचिव श्रीमती दीपा ने कहा, 'बाल विवाह के खात्मे के लिए अपने जिले में हम अग्रिम मोर्चे पर हैं और सरकार, प्रशासन व समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारा हर कदम उस भविष्य की ओर ले जाता है जहां हर बच्चे को पढ़ने की सुविधा मिले और वह बड़ा होकर वो बने जो वो बनना चाहता है। यह रिपोर्ट इस बात पर मुहर लगाती है कि शिक्षा, जागरूकता व कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए सबसे कारगर औजार हैं।'

# हुसैनाबाद में जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

**सेंटर का उद्देश्य महिला उत्पीड़न की शिकायत का निवारण करना: प्रखंड प्रमुख**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के देवरीकला संकुल संगठन में शनिवार को जेंडर रिसोर्स सेंटर कार्यालय का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी व पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह, मुखिया मनोज भारती आदि ने संयुक्तरूप से फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यालय का कार्य लैंगिक मतभेद का परामर्श के माध्यम से समाधान करना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में जेएसएलपीएस से जुड़ी स्वयं सहायता की महिलाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि महिलाएं आज जागरूक हुई हैं और अपने हक को समझती हैं। सभी सदस्यों को उन्होंने बताया कि आप सब सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करें जहां भी हमारी जरूरत हो जरूर बताए हम आपके साथ हैं। जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार ने बताया कि कार्यालय में एक जेएसएलपीएस की दीदी प्रतिदिन बैठेगी और महिलाओं से जुड़े मामलों का निष्पादन के साथ-साथ कानूनी सलाह भी देंगी। मौके पर एटीएम जयगोविंद यादव, देवरी कला और हुसैनाबाद के सभी सीएलएफ, जेंडर सीआरपी तथा समूह के दीदी उपस्थित थीं।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद में भाजपा नेताओं ने किया पौधरोपण




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान स्थित मां तारा शक्ति मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल सेवा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक जीवनदायी संकल्प है। इस अवसर पर भाजपा के युवा नेता सूर्य सिंह ने भी वृक्षारोपण कर क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि वे अपने-अपने स्तर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें और उसे परिवार के सदस्य की तरह संरक्षित करें। कार्यक्रम में भाजपा के वरीय नेता रामप्रवेश सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, लालमुनि चंद्रवंशी, बीरेंद्र सिंह, विनय पासवान, प्रिंस शर्मा, संजय सिंह, विमलेश सिंह, प्रमोद प्रजापति, जयप्रकाश उपाध्याय, रविरंजन सिंह, पिंटू सिंह, विजय राजवंशी, हंसराज सिंह, गोरख पासवान, बिंदा यादव, मदन उरांव, अनिल सिंह, प्रदीप पासवान, सूचित सिंह, शिवप्रसाद राजवंशी, अजय चंद्रवंशी, अजय, सलेंद्र, सागर, अश्विनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# पीडीएस डीलर पर लगाया गया आरोप निराधार : अमित

**जन वितरण प्रणाली निरीक्षण में मुखिया के जगह मुखिया पति मौजूद थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर(पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत के लादी गांव का पीडीएस डीलर अमित कुमार सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि पीडीएस डीलरों को परेशान करते हैं साथ ही लाभुकों को बहला-फुसलाकर हमारे खिलाफ गलत ब्यान बाजी व वरीय अधिकारियों के पास मेरे खिलाफ शिकायत करते हैं और उन्होंने कहा कि अप्रैल माह का राशन लाभुकों को मेरे द्वारा पोस मशीन से राशन वितरण किया गया हैं जबकि जनप्रतिनिधि द्वारा 72 क्विंटल राशन का गबन मामला का आरोप लगाया जा रहा हैं जो कि निराधार हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली का निरीक्षण करने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व मुखिया पति मौके पर पहुंचे थे, जबकि वर्तमान मुखिया बबीता देवी निरीक्षण में मौजूद नहीं थीं। इससे साफ पता चलता हैं कि मुखिया पति मेरे खिलाफ लाभुकों को भड़काने और हमको परेशान करने में हमेशा तत्पर हैं। वहीं इधर इस संदर्भ में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पीडीएस डीलर अमित सिंह को अप्रैल माह का 72 क्विंटल राशन आवंटित की गयी थी, जिसमें 48 क्विंटल राशन पोस मशीन के द्वारा लाभुकों के बीच वितरण की गयी। इसी बीच लाभुकों द्वारा गलत वितरण को लेकर आवेदन प्राप्त हुई थी, जिसके आलोक में डीलर को निलंबित कर दिया गया था, जिसके कारण अप्रैल माह का 24 क्विंटल राशन वितरण नहीं हो पायी थीं और उसे अप्रैल माह का 24 क्विंटल राशन कटौती करते हुए सितंबर माह का 52 क्विंटल राशन लाभुकों के बीच आवंटित की गयी हैं। उन्होंने कहा कि डीलर को निर्देश दी गयी हैं कि बीते अप्रैल माह का बचा हुआ 24 क्विंटल राशन सितंबर 30 तारीख तक लाभुकों के बीच राशन वितरण करने का निर्देश दिया हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राशन वितरण नहीं की गयी तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# संताल परगना के सबसे महंगे और भव्य पंडाल का डॉ सुनील खवाड़े ने किया उदघाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शहर के अपर बिलासी पूजा समिति के पंडाल का उदघाटन शनिवार को समिति के संरक्षक सह वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े ने किया। उदघाटन के साथ ही मां का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. सुनील खवाड़े ने बताया कि यह पंडाल संताल परगना प्रमंडल का सबसे बड़ा और महंगा पंडाल है। पंडाल और पूजा का संपूर्ण खर्च करीब सवा करोड़ के आसपास है। पंडाल की भव्यता दूर से दिखाई देती है। दूर-दूर से लोग इसे देखने आ रहे हैं। राजस्थान के राज दरबार की थीम पर पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों ने राजेश श्रृंगारी के मार्ग दर्शन में किया है। इसे बनने में एक माह से अधिक का समय लगा है। पिछले तीन साल से अपर बिलासी टाउन पूजा समिति का पंडाल सर्वश्रेष्ठ होता आ रहा है। आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गयी है। पंडाल निर्माण के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इसमें प्रयुक्त होने वाले मैटेरियल इको फ्रेंडली हो। सुरक्षा को लेकर 28 गार्ड और चप्प-चप्पे में सीसीटीवी लगाया गया है।

उदघाटन के मौके पर रामेश्वर चक्रवर्ती, आजाद पाठक, अमियांशु दत्त द्वारी, शेष नाथ झा, प्रेमनाथ खवाड़े, मुकेश टोनी, अर्णव बोस, बाबन चक्रवर्ती, मनोज खवाड़े, राजू झा, अनुज चंदन, कौशल सिंह, गौरव, अमित जेजवाड़े, बिट्टू, आशीष झा, नवीन शर्मा, प्रकाश भारद्वाज, उमेश मिश्रा, संतोष कुमार, राजकुमार, मन्नू, बापी मौजूद थे। पूजा समिति के मुख्य संरक्षक डॉ सुनील खवाड़े है, जबकि संरक्षक कालीनाथ खवाड़े, रामेश्वर चक्रवर्ती। वहीं अध्यक्ष संजयानन्द झा, महासचिव अपूवार्नंद झा, कोषाध्यक्ष शेष नाथ झा एवं मुकेश टोनी और मुख्य पुजारी अमियांशु दत्त द्वारी हैं।

## रोजाना प्रसाद का होगा वितरण

समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े ने बताया कि रोजाना प्रसाद का वितरण भी किया जायेगा। बच्चों के लिए झूला और पार्किंग की भी अलग से व्यवस्था की गयी है। सेल्फी जोन से भक्त पंडाल के साथ अपनी फोटो और वीडियो ले सकेंगे। पंडाल में बुजुर्गों के बैठने के लिए लाउंज बनाया गया है। जगह-जगह बड़े स्क्रीन लगाये जायेंगे ताकि श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। तीन अक्टूबर को विसर्जन होगा।

# डीसी-एसपी ने दुर्गा बाड़ी, साहित्य समाज चौक, हाउसिंग कॉलोनी और रेड़मा के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पलामू जिला प्रशासन गंभीर है। इसी को लेकर सभी थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक संपन्न होने के पश्चात जिला स्तर पर भी जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक भी संपन्न करा ली गयी है। शुक्रवार को डीसी-एसपी द्वारा छतरपुर, पड़वा और नवाबाजार क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त समीरा एस एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने मेदिनीनगर शहर के दुर्गाबाड़ी, साहित्य समाज चौक के जिला केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में बने पूजा पंडाल, हाउसिंग कॉलोनी में श्री सार्वजनिक पूजा पंडाल समिति, रेड़मा चौक के समीप विद्युत कार्यालय में निर्माणाधीन पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों द्वारा बिजली आपूर्ति, अग्निशमन उपकरण, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुरक्षा व स्वच्छता को लेकर पूजा समितियों को निर्देशित किया गया। इस कार्य में संबंधित बीडीओ-सीओ व थाना प्रभारी को आवश्यक सहयोग करने को कहा गया है।

**विसर्जन को ले डीसी-एसपी ने कोयल नदी तट का भी लिया जायजा :** पंडालों के निरीक्षण के पूर्व डीसी-एसपी द्वारा कोयल नदी तट पहुंच कर दुर्गा पूजा संपन्न होने के पश्चात मूर्ति विसर्जन के संबंध में की जाने वाली तैयारियों के संबंध में सहायक नगर आयुक्त से जानकरी ली। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने ऑन स्पॉट एक स्थानीय गोताखोर के जरिये बांस के माध्यम से नदी में पानी की गहराई का अवलोकन किया जिसके पश्चात सहायक नगर आयुक्त संग किस स्थान पर किस स्तर के बैरिकेडिंग की आवश्यकता है, से संबंधित चर्चा की गयी। दोनों अधिकारियों द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि कोई भी मूर्ति का विसर्जन चिन्हित जगह पर ही हो, यह सुनिश्चित होना चाहिये। इस मौके पर सदर बीडीओ-सीओ, सहायक नगर आयुक्त, शहर थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सेरेंगदाग माइंस ऑफिस में ग्रामीणों ने की तालाबंदी, खनन-परिवहन ठप

## 51 साल से बॉक्साइट खनन के बावजूद सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान नहीं देने से नाराजगी

**आरोप- प्रसव के समय एंबुलेंस तक नहीं मिलती, कई महिलाओं की रास्ते में हो चुकी है मौत**


माइंस ऑफिस में तालाबंदी कर प्रदर्शन करते लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के सेरेंगदाग माइंस इलाके में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। रैयतों और मजदूरों ने कंपनी की अनदेखी और बदहाली के खिलाफ एकजुट होकर माइंस ऑफिस में ताला जड़ दिया और धरना पर बैठ गए। वहीं, तालाबंदी के कारण पहाड़ पर खड़े सैकड़ों ट्रक फंस गए और खनन एवं परिवहन की गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 51 साल से कंपनी बॉक्साइट का खनन कर रही है, लेकिन यहां के लोग अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गर्मियों में धूल और बरसात में कीचड़ से उनका जीवन असहनीय हो चुका है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक पक्की सड़क का निर्माण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की बदहाली के कारण पुरुषों को घुटनों तक हाफ पैंट पहनकर और महिलाओं को कपड़ा उठाकर चलना पड़ता है। यह अपमानजनक स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य भवन तो बना है, लेकिन अस्पताल कभी शुरू नहीं हुआ। न डॉक्टर हैं, न दवा। मरीजों को खाट पर लादकर कई किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ता है। स्कूल की स्थिति भी शर्मनाक है, जहां बच्चों की जगह मवेशी बंधे रहते हैं। महिलाएं अब भी पहाड़ी झरनों से सिर पर मटके में पानी ढोने को मजबूर हैं। वहीं, धरना में शामिल महिलाओं ने बताया कि प्रसव के समय एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई जाती। कंपनी ड्राइवर न होने या सड़क खराब होने का बहाना बनाती है। कई बार प्रसव रास्ते में ही हो गया और महिलाओं की मौत तक हो चुकी है। मजबूरी में अधिकांश प्रसव घर पर ही पारंपरिक तरीके से करना पड़ता है।

### कंपनी पर उग्रवाद का सहारा लेने का आरोप

**ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने पहले कई बार आंदोलन दबाने के लिए उग्रवादियों का सहारा लिया। आंदोलनकारियों की पिटाई हुई और जमीन नहीं देने वालों से जबरन जमीन छीनी गई। सांसद-विधायकों के खिलाफ भी लोगों ने आक्रोश जताया और कहा कि वे केवल चुनाव के समय आते हैं और बाद में क्षेत्र को भूल जाते हैं। इस बार वे सिर्फ आश्वासन पर भरोसा नहीं करेंगे। इस मौके पर राजेश उरांव, सुखनाथ उरांव, हरिश्चंद्र उरांव, बरती उरांव, लाली उरांव, प्रदीप उरांव, आनंद उरांव, संतोष उरांव, मिंटू उरांव, प्रभु उरांव, संजय उरांव, पवन उरांव, लालदेव उरांव, गन्दूर उरांव, दिले उरांव, अनीता देवी, सुषमा देवी, तेतरी देवी, रजिंता देवी, अंजू देवी, सुनीता देवी, शशि किरण लकड़ा, चांदनी देवी, गुला देवी और धनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।**

# 13 साल के बाद मिली उग्रवादी हिंसा में मारे गये दो लोगों के आश्रितों को नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उग्रवादी हिंसा में मारे गये दो लोगों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर वारदात के 13 साल बाद शनिवार को नियुक्ति पत्र दिया गया। डीसी प्रेरणा दिक्षित ने उग्रवादी हिंसा में मारे गये जिले के दो आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग अनुसेवक पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें से एक जिले के बसिया थाना अंतर्गत ग्राम चोरेटोली बनई के स्व गजेन्द्र साहु का पुत्र अरूण साहु शामिल हो जिसे कामडारा अंचल कार्यालय में नौकरी दी गयी है। जबकि दूसरा घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटो सासनटोली के स्व जयप्रकाश साहु की आश्रिता पत्नी मोनिका देवी को जिला स्थापना शाखा में नियुक्ति के लिए पत्र दिया गया है। बतातें चलें कि चोरेटोली बनई निवासी स्व गजेंद्र साहु को 12 अक्टूबर 2011 की उग्रवादिओं ने हत्या कर दी गई थी। वहीम, घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटो सासनटोली निवासी स्व जयप्रकाश साहु को भी उग्रवादिओं ने 25 सितंबर 2012 को हत्या कर दी गई थी। हालांकि राज्य सरकार की ओर से उनके आश्रितों को एक-एक लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि और केंद्र सरकार की ओर से तीन-तीन लाख रुपए केंद्रीय अनुदान राशि का भुगतान किया गया। लेकिन सरकारी अनुकंपा की नौकरी को दरकिनार कर दिया गया था। पर स्वं गजेन्द्र साहु के आश्रित पुत्र अरूण साहु और स्व जयप्रकाश साहु की पत्नी मोनिका देवी ने सरकारी अनुकंपा नौकरी पाने की आश नहीं छोड़ी। उन लोगों ने डीसी के साथ ही गृह सचिव, राज्यपाल सचिवालय, मुख्यमंत्री सचिवालय और कई सरकारी प्राधिकरण में समय-समय पर अनुकंपा नौकरी के लिए आवेदन देना जारी रखा। आखिरकार गृह विभाग की अनुसंशा के आलोक में उग्रवादी हिंसा में मारे गये दोनों लोगों के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी दी गई। गुमला डीसी से नियुक्ति पत्र मिलने के बाद दोनों आश्रितों ने धन्यवाद दिया। दोनों दुर्गा पूजा की छुट्टी के बाद तीन अक्टूबर को अपनी नौकरी में योगदान देंगें।



# ग्रामीणों ने श्रमदान कर दुरुस्त की चार किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीन रवैया को देखते हुए शनिवार को रामतोलया पंचायत के ग्रामीणो ने संयुक्त रुप से श्रमदान कर क्षेत्र के कुल तीन कच्ची मार्गो को दुरुस्त किया। जिसमें पहला कच्ची मार्ग रामतोलया महुवाटोली से गांव चितापड़ी जामटोली तक, दूसरा कुली टंगराटोली गांव से केनालोया गांव को जोड़नेवाला पथ और तीसरा कच्ची पथ कुली बगीचा से गांव केनालोया तक जानेवाली पथ शामिल है। जानकारी के मुताबिक रामतोलया पंचायत क्षेत्र के गांव कुली टंगराटोली, रामतोलया महुवाटोली, केनालोया और जामटोली चितापड़ी तक जानेवाली कच्ची मार्ग की हालत इन दिनों काफी खराब हो चुकी है। लगातार बारिश से उक्त कच्चे मार्गों की बदतर हालत को देखते हुए लोग पैदल चलने से भी कतरा रहे थे। जिसे देखते हुए शुक्रवार को रामतोलया पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने पूर्व उपमुखिया सामुएल तोपनो और ग्रामसभा अध्यक्ष निरल होरो के नेतृत्व में बैठक कर सर्वसम्मति से उक्त सभी कच्चे मार्गों को श्रमदान कर दुरुस्त करने का निर्णय लिया। इसके बाद शनिवार की सुबह गांव कुली टंगराटोली, महुवाटोली, जामटोली और केनालोया के ग्रामीण कुदाल, तगाड़ी, झोड़ा लेकर एक जगह एकत्रित हुए और अपने खर्च से एक ट्रैक्टर की व्यवस्था कर लगभग चार किमी तक की सड़क को दुरुस्त कर दिया। इसमें मिलकिया तोपनो, जोसेफ होरो, ईश्वरीय तोपनो, रामनाथ साहु, फिलिप हेरेंज, सालन तोपनो, इलिसाबा तोपनो आदि शामिल थे।

# नारी शक्ति के जागरूक और संगठित होने पर ही होगा महिला-समाज का भला: पुष्पा उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** महिला मंडल सहयोग संचालन समिति घाघरा प्रखंड इकाई के तत्वाधान में घाघरा ब्लॉक के समीप महिलाओं की बैठक हुई। समिति की प्रखंड प्रभारी बिलो भगत ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की जिला प्रभारी पुष्पा उरांव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं के शोषण के रोकथाम और रोजगार देने के प्रति बिल्कुल गंभीर नहीं है। यही कारण है कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर देश में अरबों रुपए खर्च करने के बावजूद महिलाओं का शोषण, पलायन एवं मानव तस्करी में कोई कमी नहीं आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नारी शक्ति जागरूक एवं संगठित होगी तभी महिलाओं और समाज का भला होगा। उन्होंने झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से घोषित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की महिलाओं से अपील की। इस दौरान भगत सिंह जयंती 28 सितंबर को रांची के पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब में आयोजित करने, सामाजिक अधिकार अभियान के तहत होनेवाली राज्य सम्मेलन में चयनित 15 महिला प्रतिनिधि की भागीदारी को सुनिश्चित करने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध 14 अक्टूबर को घाघरा ब्लॉक का घेराव में भारी संख्या में महिलाओं से भागीदारी निभाने और 28 अक्टूबर को गुमला जिला मुख्यालय के कचहरी मैदान में महिला हुंकार सभा में हजारों महिलाओं से भाग लेने के लिए अभी से ही प्रखंड के गांव में तैयारी तेज करने आदि कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में पूजा देवी, फूलसिता उरांव, पुनि देवी, लक्ष्मी देवी, जीरो देवी, सालमुनि देवी, अनिता देवी, अग्नी देवी, शांति उरांव, सुनीता देवी, फुलकुमारी कुमारी, ममता देवी आदि उपस्थित थी।

# चोरी मामले की जांच को लेकर गुमला पहुंची यूपी पुलिस

**गुमला (आजाद सिपाही)। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भवानी गांव स्थित जनता ईंट भट्ठा से झारखंड के मजदूर सुकरा लोहरा मालिक का ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घटना तीन दिन पहले की है। भट्ठा मालिक अखिलेश राय ने पुलिस को बताया कि सुकरा प्रतिदिन की तरह ट्रैक्टर लेकर निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। संपर्क करने पर उसने गोलमोल जवाब दिया। इसके बाद अखिलेश राय ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच में मोबाइल लोकेशन से पता चला कि आरोपी मजदूर झारखंड के गुमला जिला स्थित अपने गांव बरगांव लौट आया है। इसके बाद गाजीपुर पुलिस की टीम मालिक के साथ गुमला पहुंची और यहां की पुलिस से सहयोग लेकर शनिवार को तलाश शुरू की। दोपहर तक सुकरा का मोबाइल लोकेशन गुमला सदर थाना क्षेत्र में दिखा, लेकिन देर शाम तक वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। आशंका जताई जा रही कि उसने ट्रैक्टर को यूपी में कहीं बेच या छिपाकर गांव लौटा है। पुलिसा जांच में जुटी है।**

# डीसी ने विभिन्न श्रेणी के नागरिकों के बीच किया नियुक्ति पत्र का वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन की ओर से नियुक्ति पत्र दिया गया। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि शासन की मंशा योग्य अभ्यर्थियों को अवसर उपलब्ध कराना और मृत सेवकों के परिवारजनों को संबल प्रदान करना है, ताकि उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिल सके। आयुक्त एवं सचिव, गृह विभाग रांची के पत्र संख्या 3206 (15 जून 2002) के आलोक में डीसी की अध्यक्षता में संपन्न चयन प्रक्रिया के तहत चौकीदार-दफादार पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया। शिक्षा योग्यतानुसार इन्हें वेतनमान 5200-20200 (पीबी-1) एवं ग्रेड पे 1800 में अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया है। इनके पदस्थापन का दायित्व संबंधित अंचल-बीट में निर्धारित किया गया है। रायडीह प्रखंड के बसंत उरांव, स्व राम उरांव के पुत्र सुदीप उरांव और घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरंगी निवासी सुनिल कच्छप को चौकीदार पद पर नियुक्त किया गया। डीसी ने नियुक्ति के समय यह निर्देश दिया कि मृत सरकारी सेवकों के आश्रित परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी नियुक्त व्यक्ति पर होगी। साथ ही जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिये गये तत्कालीन निर्णय के आलोक में उग्रवादी घटनाओं एवं सेवा अवधि में आकस्मिक निधन से प्रभावित परिवारों को संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप चतुर्थ वर्ग (अनुसेवक) के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई। स्व गजेंद्र साहु के पुत्र अरुण साहु, स्व. जयप्रकाश साहु की पत्नी मोनिका देवी, स्व अशोक सिंह की पत्नी लक्ष्मीण देवी और स्व रामवृत उरांव के पुत्र विकास उरांव को आवश्यक सत्यापन और सेवा शर्तों के अधीन गुमला समाहरणालय में चतुर्थ वर्ग के रिक्त पद पर योगदान के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। डीसी ने सभी नियुक्त कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठ होकर सेवा करने का आह्वान किया। कहा कि यह नियुक्तियां न केवल व्यक्तिगत दायित्वों का निर्वहन हैं, बल्कि जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे प्रशासनिक कार्यों में मजबूती आयेगी और प्रभावित परिवारों को नये सिरे से जीवन आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में नवरात्र महोत्सव का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल में नवरात्र महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें कक्षा नर्सरी से द्वितीय के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान डांडिया नृत्य एवं नवरात्र फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चे पारंपरिक पोशाक में नजर आए। नवरात्र महोत्सव का आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में जानने और उसका आनंद लेने का अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सभी के जीवन में प्रकाश, प्रेम और शांति लाए। इस अवसर पर नौ दुर्गा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चियां मां दुर्गा के नौ रूपों में तैयार होकर अपनी कला और सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षिता, मोनिका कुमारी, निशा जयसवाल, प्रज्ञा पल्लवी, सुधांशु देवघरिया, छवि कृति, अमृता प्रिया और पूजा प्रसाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती, एसके आचार्या, सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खदुआ, अभिजीत झा, मिथिलेश कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।**

# पर्व-त्योहार को लेकर गुमला पुलिस अलर्ट, चंदाली पुलिस लाइन में हुआ मॉक ड्रिल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आगामी पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाने को लेकर गुमला पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस प्रशासन जहां जिलेभर में गश्ती और निगरानी बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसी भी तरह की अनहोनी या उपद्रव की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने को लेकर भी रणनीति तैयार की गई है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस लाइन चांडली में विशेष अभ्यास और तैयारी की गई। यह कार्यक्रम सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में हुआ। जिसमें जिलेभर से पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। इस दौरान त्योहारों में संभावित भीड़-भाड़ वाले इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था, उपद्रव की स्थिति से निपटने के तौर-तरीके और क्विक रिस्पॉन्स टीम की तैनाती पर विशेष जोर दिया गया। सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार ने बताया कि किसी भी तरह की अफवाह या शरारती तत्वों की गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के लिए जवानों को लगातार सतर्क और सक्रिय रहना होगा। इस दौरान पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण, दंगा-रोधी अभ्यास और त्वरित कार्रवाई से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी गईं।

# धूमधाम से मनाया गया एकता रौनियार महिला संगठन का डांडिया महोत्सव




**गुमला (आजाद सिपाही)। रौनियार धर्मशाला में एकता रौनियार महिला संगठन ने शुक्रवार को डांडिया महोत्सव आयोजित किया। संगठन की अध्यक्षा लता गुप्ता के नेतृत्व में नवरात्रि के अवसर पर माता के भजनों पर डांडिया खेला गया। इससे पहले गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मां दुर्गा की पूजा के बाद डांडिया शुरू हुआ। संगठन की सभी महिलाएं रंग बिरंगे परिधान पहन कर माता के डांडिया में भाग लीं और तन मन से मनमोहक नृत्य की। इस दौरान बहनों ने बढ़चढ़ कर एकल और सामुहिक नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षा लता गुप्ता ने की। इस मौके पर मंजू गुप्ता, रीता गुप्ता, ममता गुप्ता, सुमन गुप्ता, रानी गुप्ता, कंचन गुप्ता, पिंकी गुप्ता, पार्वती गुप्ता, ज्योति गुप्ता, किरण गुप्ता, श्यामा गुप्ता, सुलोचना गुप्ता, किरण गुप्ता मेन रोड और सीता गुप्ता उपस्थित थीं।**

# अपराध पर नियंत्रण करने के लिए गुमला पुलिस को मिली 30 बाइक

## गुमला एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में अपराध पर नियंत्रण और थाना क्षेत्रों की निगरानी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस लाइन चांडाली में 30 नई बाइक को क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) में शामिल किया गया। गुमला एसपी हारिश बिन जमां और प्रशिक्षु आईपीएस निखिल राय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बाइकों को रवाना किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त ये बाइक अपराध नियंत्रण और गश्त के दौरान बेहद सहायक साबित होंगी। उन्होंने बताया कि सभी बाइकों को विशेष रीमॉडलिंग और खुटार लगाकर तैयार किया गया है। ताकि जिस भी इलाके से बाइक क्यूआरटी टीम गुजरे वहां आम जनता को पुलिस की मौजूदगी का स्पष्ट संदेश मिले। आगामी त्योहारों के दौरान इन बाइकों से गश्ती में तेजी आएगी और अपराधियों पर भी अंकुश लगेगा। प्रशिक्षु आईपीएस निखिल राय ने कहा कि त्योहारों के सीजन में बड़ी गाड़ियों के जरिए हर जगह पहुंच पाना पुलिस के लिए मुश्किल होता है। ऐसे में बाइक आधारित क्यूआरटी टीम छोटी गलियों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों तक आसानी से पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इन टीमों की तैनाती से पूरे जिले में पुलिस की गश्त और निगरानी मजबूत होगी। सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार ने जानकारी दी कि एसपी के निर्देश पर मुख्यालय से मिली 30 बाइकों में से 17 का आवंटन विभिन्न थानों में कर दिया गया है, जबकि शेष बाइक जल्द ही जरूरत वाले थानों को दे दी जाएंगी। इनमें सदर थाना को 10 सायरन बाइक, सिसई थाना को 3, घाघरा थाना को 2, पालकोट थाना को 1 और बसिया थाना को 1 बाइक उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, हेडक्वार्टर डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, सार्जेंट दीपक कुमार, पुअनि परवेज आलम, पुअनि शिल्पा कुजूर समेत पुलिस केंद्र के सभी पदाधिकारी व जवान मौजूद रहे। एसपी ने अंत में कहा कि इन बाइकों की तैनाती से जिले में अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण होगा और जनता को सुरक्षा का और अधिक भरोसा मिलेगा।

# कुआं से वृद्ध का शव बरामद

**जारी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मेराल पंचायत के बारडीह गांव निवासी चमरू कोरवा (65) का पैर फिसल कर कुआं में गिरने से डूबकर मौत हो गयी। मृतक के दमाद पुंडी निवासी महेश्वर मल्लाह ने बताया कि ससुर चमरू कोरवा गुरुवार को किसी काम से घर से निकलकर बारडीह चर्च की ओर गये थे। देरशाम तक नहीं लौटे तो उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसी बीच शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने कुंआ में शव तैरते देखा। खबर पाकर पहुंचा तो शव उसके ससुर का ही निकला। तुरंत उसने पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।**

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(A Government of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001**
**E-Mail - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com**
**CIN: U45200JH2013SGC001752**

**CORRIGENDUM - 1**

Name of Work: Consultancy Services for Preparation of Comprehensive Mobility Plan in and around Jamshedpur and Dhanbad Cities in the State of Jharkhand for Next 25 Years
Ref PR No.: 362608
Tender ID: 2025_UDD_105060_1
NIT No.: JUIDCO/ NIT/CMP/JSR DHN/2025 – 664
Corrigendum – 1 for the tender "Consultancy Services for Preparation of Comprehensive Mobility Plan in and around Jamshedpur and Dhanbad Cities in the State of Jharkhand for Next 25 Years" has been published on the Government of Jharkhand's e-procurement website.
All bidders are requested to review it before submitting their bids.

Sd/-
(B K Roy)
Project Director (Technical)

PR 363092 Urban Development(25-26).D

**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय**
**नगर पंचायत कोडरमा**

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/2025–26
दिनांक 26.09.2025

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सडक परिवहन मद | | | | |
| 1 | 09 | कोडरमा मेन रोड के दोनो तरफ कोडरमा बाजार चौक से हनुमान मंदिर चौक तक पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 2491300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | 02 | कॉटी फैक्ट्री पी0सी0सी0 सडक से अका ादीप सिन्हा के घर तक एवं देवी मंडप से निरंजन कुमार, कृश्णा कॉलोनी बहेरवाटांड तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 1576900.00 | 31600.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | 09 | एन0सी0सी0 कैम्पस से माईनिंग बिल्डींग तक पी0सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 1457101.00 | 29200.00 | 5000.00 | 03 माह |
| | | नागरिक सुविधा मद | | | | |
| 4 | 14 | लालो रविदास के घर से लेकर पुल तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1252300.00 | 25100.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | 6,8 | भाय जी आहर से गोडयती आहर तक नाली निर्माण कार्य। | 3770000.00 | 75500.00 | 10000.00 | 06 माह |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 06-10-2025 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 13-10-2025 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 14-10-2025 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| E | Helpline No. | | | +91-9229932626 | | |

**Note :-**
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक नगर पंचायत
कोडरमा

PR.NO.363141 Urban Development(25-26):D

## सामाजिक संस्था पंख एक नयी दिशा ने असहाय महिला को दिलाया आश्रय



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शनिवार को सामाजिक संस्था पंख एक नयी दिशा ने विशेष असहाय महिला को मिशनरीज में आश्रय दिलाया। पंख एक नयी दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा अध्यक्ष पिंकी गुप्ता के प्रयासों से वृद्ध, विशेष एवं असहाय महिला को नूतनडीह सेंट्रल हॉस्पिटल के समीप कोयला नगर के पास दो, तीन दिन से बेसुध अवस्था में रोड के किनारे पड़ी हुई थी और ना तन पर कपड़े थे। आज पंख एक नई दिशा की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने कपड़ा पहना कर ऑटो से ले जा कर मिशनरीस में मंदबुद्धि वृद्ध महिला को रखवाया। वो अपना नाम पूनम बता रही है। वृद्ध महिला अपने पैरों से चल भी नही पा रही थी। इस वृद्ध असहाय महिला को रखवाने की सारी कागजी प्रकिया पुरी हो गयी। आज हम लोग बहुत खुश है कि हमलोगो बहुत खुश है की इस नेक कार्य का हिस्सा बने और इस वृद्ध महिला को रहने के लिए छत और तीनों वक़्त का खाना और अच्छा इलाज मिलेगा और वहा पर अच्छे से रहेगी। इस मौके पर मे संस्था के मनीष गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता मौजूद थे ।

## बोकारो में आजीविका एक्सप्रेस योजना की शुरुआत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले में आजीविका और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर आजीविका एक्सप्रेस योजना के तहत वाहनों को रवाना किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण महिलाएं और सखी मंडल की दीदियां उत्साह से भरी रहीं। सभी ने माना कि यह योजना उनके लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेगी। योजना अंतर्गत प्रखंड चंदनकियारी की चंद्रा संकुल स्तरीय संगठन और प्रखंड चास की 'जागृति शक्ति मंडल' से जुड़ी मां दुर्गा सखी मंडल की लाभुक दीदी सुमन कुमारी को लाभ प्रदान किया गया। इस पहल से संकुल स्तरीय संगठनों को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से आय में वृद्धि होगी। सखी मंडल की दीदियां बाजार में सामान ढुलाई और यात्रियों के आवागमन से प्रत्यक्ष आय अर्जित कर पायेंगी। ग्रामीण स्तर पर महिला उद्यमिता और स्वावलंबन को गति मिलेगी। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आजीविका एक्सप्रेस योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। इससे वे आर्थिक रूप से मजबूत होंगी।

## डीवीसी कांडरा ऑटो असंतुलित होकर पलटी, दो घायल



**झरिया/ पाथरडीह (आजाद सिपाही)।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित गौशाला थाना क्षेत्र अंतर्गत डीवीसी कांडरा के समीप शनिवार को एक अज्ञात ऑटो असंतुलित हो कर पलटी मार दी। जिससे सिंदरी के रहने वाली ऑटो में बैठे 26 वर्षीय पूजा कुमारी पिता चंडी दास तथा पीयूष गुप्ता पिता राजेश गुप्ता कतरास निवासी बुरी तरह घायल हो गये। जिसे स्थानीय लोगो ने आनन फानन में चासनाला सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद रैफर कर दिया गया है। वही स्थानीय लोगो ने बताया की झरिया की ओर जा रही ऑटो बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी मार दी। जिसमें किड्स एंगल उपरकुली में पढ़ाने जा रही पूजा कुमारी तथा हॉस्टल में रह रहे बलराम महतो कतरास निवासी अपने दोस्त पीयूष गुप्ता के साथ घर जा रहा था उसी दौरान घटना घटी। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गयी है। इस बारे में चिकित्सक संजय कुमार ने बताया कि महिला पूजा कुमारी के पैर तथा शरीर में अंदरुनी चोट आयी है तथा पीयूष गुप्ता के माथे पर चोट है, स्थिति को देखते हुए धनबाद रैफर कर दिया गया है।

## सीपीएम सिंदरी ने लद्दाख में सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की निंदा की



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया / सिंदरी (मार्क्सवादी) सिंदरी शाखा केंद्र सरकार के अधीन केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा लद्दाख के लोगों पर किये जा रहें क्रूरतम दमन, एवं सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार की कड़ी निंदा करता है। केंद्र सरकार को लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक शांतिपूर्ण आंदोलन पर दमन और उत्पीड़न करने के बजाय लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं छठी अनुसूची को लागू करने का अपना वादा पूरा करना चाहिए। पिछले 6 वर्षों से लद्दाख के लोग पूर्ण रूप से शक्ति संपन्न राज्य का दर्जा और इस क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा इन मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया है। पिछले तीन वर्षों में सरकार द्वारा अपनी जायज मांगों की अनदेखी, कई दौर की वार्ता का विफलता से निराश होकर लेह अपेक्स बॉडी (एलएबी) और अन्य जन संगठनों ने 15 दिन तक शांतिपूर्ण भूख हड़ताल की। सार्थक बातचीत करने के बजाय केंद्र सरकार ने भूख हड़ताल करने वालों की जबरदस्ती गिरफ्तारी का रास्ता चुना जिससे लोगों में व्यापक विरोध और अशांति फैल गयी। पारंपरिक रूप से शांतिपूर्ण जगह पर इस हिंसा के लिए जिम्मेवार हालात पैदा करने के बाद भी केंद्र सरकार अब आंदोलनकारी पर ही दोष मढ़ रही है। सीपीएम सिंदरी शाखा, केंद्र सरकार से मांग करता है कि वह सभी दमनकारी उपायों को तुरंत बंद करें, सोनम वांगचुक को तुरंत रिहा करें और आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ सार्थक बातचीत करें। साथ ही हम मांग करते हैं कि सरकार पुलिस दमन में जान गंवाने वालों नौजवानों के परिवारों और घायलों को प्राप्त पर्याप्त मुआवजा दे।

## वीडियो कॉल से लिया जायेगा डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों का अटेंडेंस

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर सहित अन्य कर्मियों की वीडियो कॉलिंग कर औचक अटेंडेंस लेने का निर्देश दिया। इसके लिए सिविल सर्जन को वीडियो कॉलिंग सेल बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त को बताया गया कि विभाग में जीपीएस आधारित अटेंडेंस सिस्टम नहीं है। इसलिए इसका दुरुपयोग कर कई डॉक्टर और कर्मी प्रतिनियुक्त स्थल के बजाय अन्य स्थल से बायोमैट्रिक अटेंडेंस बना लेते हैं। इसकी गंभीरता देखते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के सभी बायोमैट्रिक अटेंडेंस को जिओ फेंसिंग करने तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और कर्मियों ने प्रतिनियुक्त स्थल छोड़ कहां कहां से अटेंडेंस बनाया है, उसका ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# चोरी की गाड़ी से बिहार शराब भेजने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो की पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जो चोरी कर गाड़ी से बिहार में अवैध शराब का कारोबार करते थे और फिर मन मुताबिक ग्राहक मिला तो उसे उस गाड़ी को बेच देते थे। पुलिस की पकड़ में आये जालसाजो के उपर पहले का भी अपराधिक इतिहास रहा है। जानकारी देते हुए जिला कप्तान हरविंदर सिंह ने बताया कि गाड़ी खरीदने आये जालसाजो ने धोखे से गाड़ी लेकर फरार हो गये थे। गाड़ी के मालिक चास के बांधगोड़ा साइट का रहने वाला बिट्टू कुमार ने ओएलएक्स के माध्यम से गाड़ी बेचने के फोटो डाला था। जब गाड़ी मालिक अपना स्कॉर्पियो लेकर पहुंचा तो खरीद बिक्री के लिए दो व्यक्तियों द्वारा इनको तलगडिया मोड़ में मिलने के लिए बुलाया गया। जहां उक्त दोनो व्यक्ति द्वारा जालसाजी पूर्वक मौके का फायदा उठा कर इनका मारूती स्वीफ्ट वाहन सं0- जेएच 02यू 9899 को चोरी कर भाग गये थे। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए निर्देशानुसार सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास के नेतृत्व में गठित टीम के पुलिस पदाधिकारी एवं सस्त्र बल के साथ आवश्यक कार्रवाई एवं छापामारी के क्रम में घटना में चोरी की गयी मारूती स्वीफ्ट कार एवं कांड के प्राथमिकी अभियुक्त नितीश कुमार को पीरटांड गिरीडीह एवं परवेश मांझी को घटना कारित करने में प्रयुक्त स्कॉपियो वाहन सं बीआर 21पी 4161 के साथ डुमरी गिरिडीह से बरामद किया गया। जिसके बाद दोनो गाड़ी एवं नितीश कुमार तथा परवेश मांझी को चिरा चास थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि नितीश कुमार अलीगंज एवं दूसरा प्रवेश मांझी गांव तेलारडीह थाना चन्द्रदीप जिला- जमुई दोनो बिहार के रहने वाला है। दोनो के पास से बरामद गाड़ी एवं दो मोबाइल को पुलिस ने विधिवत जब्त करते हुए उक्त दोनो को गिरफ्तार किया है। अग्रतर पुछताछ के क्रम में उक्त दोनो अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि उक्त गाडी चोरी करने का इनका मुख्य उद्देश्य चोरी की गयी वाहन से बिहार के पडोसी राज्यों से अवैध रूप से शराब परिवहन कर लाना एवं उसे ले जाकर बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में खरीद बिक्री करना था। छापामारी में पुअनि चन्दन कुमार दुबे, थाना प्रभारी चिरा चास, पुअनि अभिषेक रंजन, थाना प्रभारी पिण्ड्राजोरा, पुअनि प्रकाश मंडल, थाना प्रभारी चास (मु), पुअनि विक्रम कुमार, चिरा चास थाना पुअनि राजकपुर सेठ, चिरा चास थाना, पुअनि राहुल राम, चास थाना, सअनि रंजन मिश्रा, चिरा चास थाना शामिल थे।

# दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दी पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल के प्राइमरी विंग (प्राथमिक शाखा) द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारत की लोक-संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। द्वितीय से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्य और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक महोदय रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद एवं मुख्य शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद की प्रार्थना से हुआ, तत्पश्चात स्वागत भाषण और स्वागत गीत ने समारोह में चार चाँद लगा दिया। ओडिशा का संबलपुरी नृत्य, केरल का थेयथका और गुजरात का लोकनृत्य अपनी रंगीन अदाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। वहीं पश्चिम बंगाल का मोनोमोर मेघरी शोंगी, अरुणाचल का चकमा नृत्य और असम का बिहू गीत ने अनेकता में एकता का रंग बिखेरा। महाराष्ट्र का फिशरमैन गीत, छत्तीसगढ़ का बादल गरजे और राजस्थान की घणी खम्मा, प्रस्तुति ने हर्षोल्लास का समां बांध दिया। रंगारंग कार्यक्रम के अंतिम चरण ने उत्तराखंड का कुमाउंनी गीत, झारखंड का बेरा उगेला और पंजाब का जोशीला भांगड़ा नृत्य ने पूरे सभागार को अपने रंगों में रंग दिया। वहीं कक्षा तृतीय से पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हिंदी नाटक नहले पर दहला ने हास्य और रोमांच का अनोखा मिश्रण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजीता शरण सिंह (जनरल मैनेजर, एसबीआइ, कोलकाता) ने बच्चों की कला- कौशल और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि आज के ये नौनिहाल (बच्चे) ही कल के भविष्य हैं। इनकी प्रतिभा आने वाले भविष्य के लिए भारत की उज्ज्वल तस्वीर प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपने जज्बे को बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बोकारो स्टील प्लांट में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के तहत स्टील मेल्टिंग शॉप-न्यू द्वारा मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सुरक्षा संदेशों और नारों से युक्त तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश साझा किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क पर सतर्क रहने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित कार्य परिवेश सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे, सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग, स्टील मेल्टिंग शॉप-न्यू के अधिकारी और कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित थे। एक अन्य कार्यक्रम में कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग ने अपने कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विभागीय सुरक्षा पदाधिकारी बागान मुर्मू द्वारा सुरक्षा शपथ से हुई। तत्पश्चात कलाकारों ने नाटक का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया, जिसने सुरक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा को कार्यस्थल की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसी) भास्कर प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमनसेवाएं) बीके सरतापे, महाप्रबंधक अरुण कुमार, बीके सिंह, एस पांडा, बृजेश कुमार और सी घड़ाई सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभाशाली कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए।

# सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** धनबाद लोकसभा के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव जो 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक निर्धारित है की आयोजन हेतु शनिवार 27 सितम्बर को सांसद कार्यालय सरायढाला धनबाद में सांसद खेल महोत्सव के चेयरमैन एंजेला सिंह की अध्यक्षता में खेल संघो के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमे सभी खेलों की सुचारू रूप से आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। इसमें निर्णय लिया गया की शहरी क्षेत्र के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के भी रजिस्ट्रेशन कराया जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी अपने होनर दिखाने का मौका मिले और जिला राज्य तथा देश का प्रतिनिधित्व कर सके। सभी खेल संघो ने उम्मीदो के साथ यह बताए की लगभग 20000 से 25000 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन करा कर सांसद खेल महोत्सव धनबाद में खिलाड़ियों का भागीदारी करायेंगे। इस अवसर पर एंजेला सिंह, अजय सिंह, विनय सिंह, जुबेर आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन, मृदुल बोस, शुभंकर सरकार, सूरज प्रकाश लाल, शशिकांत पांडे, तारकनाथ दास, श्यामल दॉ, मुकेश सिंन्हा, संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी, राम जी मिश्रा, संजय मुखर्जी सतनारायण यादव आदि उपस्थित थे।

## वासेपुर में प्रिंस खान के गुर्गे अदनान के घर पुलिस की कुर्की जब्ती



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वासेपुर में प्रिंस खान के गुर्गे अदनान उर्फ अंडा के घर पुलिस की कुर्की जब्ती, वासेपुर के कमर मखदुमी रोड स्थित प्रिंस खान के गुर्गे और आरोपी अदनान उर्फ अंडा के घर बैंक मोड़ थाना और भूली ओपी की पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। इस दौरान इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। भूली ओपी थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि अदनान उर्फ अंडा कई आपराधिक मामलों में वांछित है। अदनान उर्फ अंडा के खिलाफ न्यायालय से कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया गया था, जिसे शनिवार को अमल में लाया गया। कुर्की-जब्ती के दौरान आसपास बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इकट्ठा हो गये। पुलिस ने लोगों को समझाया कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों पर नकेल कसने और अपराध पर रोक लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बीएसएल सीएसआर और एमइपीएल ने परिधीय गांव के युवाओं को दिया नि:शुल्क प्रशिक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड (एमइपीएल) द्वारा सरकारी और निजी संगठनों में भर्ती हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 3 बैच में परिधीय क्षेत्रों के लगभग 300 लाभार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने की शुरूआत 27 सितंबर को महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड सेंटर, चास में हुई। उद्घाटन कार्यक्रम में बीएसएल के अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी एवं अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी के साथ सीएसआर विभाग के महाप्रबंधक बी बनर्जी एवं महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड (एमईपीएल) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि बीएसएल के सीएसआर के तहत विगत 23 जून 2025 को सीएसआर विभाग और महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड (एमइपीएल) के बीच परिधीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए एक एमओए पर हस्ताक्षर किया गया था। अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) रंगानी ने अपने सम्बोधन में छात्रों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने भी बीएसएल एवं महेंद्र एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के इस संयुक्त पहल पर प्रकाश डालते हुए लाभार्थियों के लिए इसे उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन महा प्रबंधक (सीएसआर) के नेतृत्व में सीएसआर विभाग द्वारा किया गया।

## बीएसएल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। बी एस एल के राजभाषा विभाग के द्वारा 27 सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मिनी ऑडिटोरियम में गैर संकार्य समूह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडली द्वारा किया जायेगा तथा विजेताओं को राजभाषा पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राजभाषा विभाग के आलोक कुमार, उपमहाप्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी, (संपर्क एवं प्रशासन) एवं मानस चन्द्र रजवार, सहायक प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) के द्वारा किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग
ई–टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–10/2025–26, दिनांक :–26.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Approach Road/Service road to IIAB Road (Total Length-400m) ( Including Utility Shifting & Plantation) Under Road Division Ranchi (Gramin) for the year 2025-26 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रु0 402.81400 लाख। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रु0 4.03 लाख मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 (दो) माह। |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.10.2025 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 15.10.2025 12:00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर Login कर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)

PR 363148 Road(25-26).D



**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर पंचायत कोडरमा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2025–26
दिनांक – 26.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 07.10.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 09.10.2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलन का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 10.10.2025 को अपराह्न 12:30 बजे अपराह्न से अन्तिम निविदा खुलने तक |

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सडक परिवहन मद | | | | |
| 1 | 15 | सुधा स्वीट्स के पास अरघोती नदी पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 594860.00 | 11900.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 2 | 09 | कोडरमा बजरंग चौक फर्निचर दुकान के सामने पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 442200.00 | 8900.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 3 | 02 | जलवाबाद मदिना मस्जिद से पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 490345.00 | 9900.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 4 | 01 | ऑफिसर कॉलोनी में पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 750700.00 | 15100.00 | 5000.00 | 02 माह |
| | | 15वें वित्त आयोग (UAAM) मद | | | | |
| 5 | 15 | UHWC बरसोतियाबर में योगा शेड निर्माण एवं पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 888315.00 | 17800.00 | 5000.00 | 02 माह |
| | | नागरिक सुविधा मद | | | | |
| 6 | 01 | डुमरियाटांड में HYDT के साथ 1.5HP समरसेबल अधिष्ठापन कार्य तथा सार्वजनिक पानी स्टोरेज हेतु पानी टंकी स्टील स्टैण्ड के साथ अधिष्ठापन कार्य। | 454000.00 | 9100.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 7 | 01 | फुलवरिया में HYDT के साथ 1.5 HP समरसेबल अधिष्ठापन कार्य तथा सार्वजनिक पानी स्टोरेज हेतु पानी टंकी स्टील स्टैण्ड के साथ अधिष्ठापन कार्य। | 470500.00 | 9500.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 05 | 15 | रैन बसेरा भवन, बरसोतियाबर कोडरमा का जिर्णोद्धार कार्य। | 699900.00 | 14000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 09 | 09 | राजकमल कपडा दुकान के पास आर0सी0सी0 नाली कार्य। | 387300.00 | 7800.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 10 | 15 | बरसोतियाबर UHWC के सामने गार्डवाल निर्माण कार्य। | 824100.00 | 16500.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 11 | 14 | मिथलेश कुमार घर से राजकुमार यादव घर के पास कल्भर्ट तक ढक्कन सहित आर0सी0सी0 नाली के साथ राजकुमार यादव घर के पास कल्भंट निर्माण कार्य। | 769500.00 | 15400.00 | 5000.00 | 02 माह |

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 363142 Urban Development(25-26).D

### लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने दी जानकारी

# वांगचुक पर पाकिस्तानी कनेक्शन और विदेशी फंडिंग का शक, हो रही है जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लेह।** लद्दाख के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को बताया कि सोनम वांगचुक के खिलाफ पाकिस्तान से कथित संबंधों को लेकर जांच जारी है। यह जांच पिछले महीने एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई है, जो वांगचुक के विरोध प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था।

डीजीपी जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का मुख्य सूत्रधार बताया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए। शुक्रवार को वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर जेल भेज दिया गया।

**उनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं :** डीजीपी ने कहा अब तक जांच में जो सामने आया है, उसे फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। लेकिन वांगचुक के भाषणों और गतिविधियों से यह साफ है कि उनकी मंशा लोगों को भड़काने की थी। उन्होंने अरब स्प्रिंग और नेपाल, बांग्लादेश व श्रीलंका में हुए आंदोलनों का जिक्र कर लोगों को उकसाया। उन्होंने बताया कि विदेशी फंडिंग और एफसीआरए उल्लंघन की भी



जांच की जा रही है। एक पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव को पकड़ा गया है, जो वांगचुक के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के वीडियो पाकिस्तान भेज रहा था।

### विदेश यात्राएं भी जांच के दायरे में

पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को भी संदिग्ध बताया। वांगचुक ने पाकिस्तान के एक मीडिया हाउस 'द डॉन' के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और बांग्लादेश की यात्रा भी की थी।

### शांति भंग करने की कोशिश की

डीजीपी ने कहा कि वांगचुक लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से चल रहे राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर आंदोलन का चेहरा बने थे, लेकिन उन्होंने संवाद प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और लद्दाख प्रतिनिधियों के बीच 25 सितंबर को एक अनौपचारिक बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन वांगचुक ने उसी दिन भड़काऊ वीडियो और बयान जारी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, जिसका नतीजा हिंसक झड़पों के रूप में सामने आया।

### नेपालियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में

एलजी कविंद्र गुप्ता के विदेशी साजिश के बयान का समर्थन करते हुए डीजीपी ने कहा कि तीन नेपाली नागरिकों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और अन्य संदिग्ध विदेशी नागरिकों की भूमिका भी सामने आ रही है। बुधवार की हिंसा के मामले में अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 6 प्रमुख षड्यंत्रकारी माने जा रहे हैं। डीजीपी जमवाल ने कहा, साफ है कि वांगचुक ही इस पूरे घटनाक्रम के मुख्य प्रेरक थे, इसलिए उन्हें राज्य से बाहर की जेल में रखा गया है।

# इंडियन आर्मी 'अनंत शस्त्र' एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को लगभग 30 हजार करोड़ में 'अनंत शस्त्र' सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर अनंत शस्त्र रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जायेगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है। साथ ही बहुत कम समय में फायर कर सकता है। इसकी मारक क्षमता लगभग 30 किलोमीटर तक है। यह सेना के मौजूदा आकाशतीरऔर मीडियम रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल मिसाइल सिस्टम का साथ देगा। 'अनंत शस्त्र' की दिन और रात दोनों में सफल टेस्टिंग की जा चुकी है। इसी साल मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी गयी थी।

# बरेली बवाल: मौलाना भूल गया किसका शासन है: योगी

- बोले, ऐसा सबक सिखायेंगे, तुम्हारी पीढ़ियां दंगे करना भूल जायेंगी
- इत्तहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष तौकीर रजा गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बरेली में जुमे पर 'आई लव मोहम्मद' को लेकर बवाल के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गयी है। शनिवार शाम को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयीं। वहीं, इत्तहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत 8 लोगों को बरेली पुलिस ने गिरफ्तार



कर लिया। 39 लोगों को हिरासत में लिया है। मौलाना को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा, 2000 अज्ञात लोगों पर पांच थानों में मुकदमे दर्ज किये गये हैं। 10 मुकदमों में से 7 में तौकीर रजा का नाम है। दरअसल, शुक्रवार को मौलाना तौकीर रजा की अपील पर ही भीड़ सड़क पर उतर आयी थी। पुलिस ने रोका तो पथराव कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था।

इधर, मुख्यमंत्री योगी ने एक कार्यक्रम में कहा कि मौलाना भूल गया कि शासन किसका है? वो मानता था कि धमकी देंगे और जबरदस्ती जाम कर देंगे। हमने कहा कि जाम नहीं होगा। कर्फ्यू भी नहीं लगने देंगे। ऐसा सबक सिखायेंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां दंगे करना भूल जायेंगी। इधर, लखनऊ की सड़कों पर नये होर्डिंग लगवा दिये गये हैं। इन पर लिखा है कि 'आई लव श्री योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर'।

### बोकारो धर्मशाला मोड़ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन

# मोदी के नेतृत्व में विश्व में नयी पहचान बना रहा है भारत : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा के सेवा पखवारा के तहत शनिवार को बोकारो धर्मशाला मोड़ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं का बखान किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेताा लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में अपनी नयी पहचान बना रहा है।

श्री सिंह ने कहा कि गरीबों के कल्याण, युवाओं के सशक्तिकरण और महिलाओं के उत्थान के लिए




सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और जन-धन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों का जीवन संवर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज का मार्गदर्शक है और इनके सहयोग से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और तेजी से हर व्यक्ति तक पहुंच सकता है। भाजपा सरकार की नीतियां गरीबों और किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह के साथ पूर्व विधायक बिरंची नरायण समेत कई लोग उपस्थित थे।




# यूपी में कालिया का एनकाउंटर

- छात्र की हत्या के बाद साथी को छुड़ाने पहुंचा था जुबैर


**आजाद सिपाही संवाददाता**


**गोरखपुर।** गोरखपुर के पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल छत्रधारी के महुआ चाफी टोले में छात्र दीपक गुप्ता की हत्या के बाद मुख्य आरोपी जुबैर गोंडा के अपने साथी वहाब के साथ चोरी-छिपे माहौल भांपने पहुंचा था। वह पकड़े गए अपने साथी अजहर उर्फ अजब हुसैन को छुड़ाने के इरादे से पहुंचा था लेकिन वहां ग्रामीणों के उग्र रूख को देखकर दोनों भाग निकले। दोनों को पुलिस लंबे समय से अंतरराज्यीय पशु तस्करी नेटवर्क का सरगना मानती रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने इसकी जांच एसटीएफ को सौंप दी थी। इसके बाद एसटीएफ के साथ रामपुर पुलिस भी दोनों की तलाश में जुट गई थी। जुबैर और वहाब सिर्फ गोरखपुर ही नहीं, बल्कि गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर से लेकर बिहार तक फैले मवेशी तस्करी के गढ़ में सक्रिय रहे हैं। जुबैर आठ साल से पशु तस्करी में लिप्त था, लेकिन पिछले साल सितंबर माह में वह पहली बार चर्चा में आया। जब उसने बलरामपुर जिले के तुलसीपुर में पशु तस्करी का विरोध करने पर दो सिपाहियों के सिर पर डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इसके बाद उसपर 50 हजार का इनाम घोषित किया था।













| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


आवश्यकता
आजाद सिपाही दैनिक अखबार
धनबाद के लिए कैमरामैन,
एंकर एवं विज्ञापन के लिए
लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
मासिक वेतन न्यूनतम 10,000/-
योग्यता अनुसार दिया जाएगा
संपर्क सूत्र : 6200085283, 9386849203










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**